इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 324 | राजनांदगांव, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को सात से पंद्रह दिन के भीतर करें भुगतान - सीएम साय

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने कलेक्टर डीएफओ कॉन्फ्रेंस की बैठक ली। जिसमें वन प्रबंधन, तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित, लघु वनोपजों के मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन), ईको-टूरिज्म, औषधीय पौधों की खेती और वनों से जुड़ी आजीविका के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई। सीएम श्री साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों की संख्या आज 12 लाख से अधिक हो चुकी है, जो हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि हम वन उपज का अधिकतम वैल्यू एडिशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ग्रामीणों को अधिक आय के साधन मिल सकें और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। सीएम साय ने बताया कि प्रदेश में अब 46 प्रतिशत वन आवरण हो चुका है, जो लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में कैम्पा योजना और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी अभिनव पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



कलेक्टर-डीएफओ कॉन्फ्रेंस

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को सात से पंद्रह दिनों तक भुगतान करने के दिए निर्देश

कॉन्फ्रेंस में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि, तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान सात से पंद्रह दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भुगतान की जानकारी एसएमएस के माध्यम से सीधे संग्राहकों के मोबाइल पर भेजी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में बताया गया कि लगभग 15 लाख 60 हजार संग्राहकों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज हो चुकी है और सभी भुगतान बैंक खातों के माध्यम से किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया के पूर्ण कंप्यूटरीकरण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम साय ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा, दिए निर्देश

रायपुर(दावा)। सीएम विष्णुदेव साय ने दूसरे दिन सोमवार को भी कलेक्टर-एसपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। इस दौरान प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर बैठक हो रही है। इसमें जिलों के परफॉर्मेंस की भी व्यापक समीक्षा की जा रही है। सीएम साय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महिला और बालिका से जुड़े आपराधिक मामलों में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई की जाए। इन अपराधों से जुड़े मामलों में निर्धारित समय समय सीमा के अंदर चालान प्रस्तुत हो। मुख्यमंत्री साइबर क्राइम और इससे जुड़े (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी: EOW ने 10 आरोपियों के खिलाफ 7500 पन्नों का चालान कोर्ट में किया पेश




रायपुर। छत्तीसगढ़ के भारतमाला परियोजना में EOW ने रायपुर की स्पेशल कोर्ट में 12 बंडलों में 7500 पन्नों का चालान पेश किया। जांच एजेंसी ने जिन आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया है, उसमें हरमीत सिंह खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी, विजय जैन, कुंदन बघेल, भोजराज साहू, खेमराज कोसले, पुन्नूराम देशलहरे, गोपाल वर्मा और नरेंद्र नायक शामिल हैं।

इस घोटाले में कुल 12 से अधिक आरोपी शामिल हैं, जिनमें दो एसडीएम, एनएचएआइ के चार अधिकारी और राजस्व विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हैं। जांच के दौरान अब तक एक जमीन कारोबारी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें बाद में हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। राज्य सरकार ने जांच रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेज दी है और अब केंद्र जल्द ही मामले को सीबीआई या ईडी को सौंपने का निर्णय ले सकता है। जांच में ईओडब्ल्यू ने पाया कि कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट लीक कर कुछ लोगों ने जमीन के टुकड़े कर मुआवजे की रकम कई गुना बढ़ा ली। मुआवजा वितरण में भी गड़बड़ी की गई। अपात्र लोगों को मुआवजा बांटने के भी सबूत मिले हैं। एनएचएआई के तीन अधिकारियों की भूमिका पर भी एजेंसी ने आरोप तय किए हैं, लेकिन विभाग ने उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुमति नहीं दी है। एनएचएआई की आपत्ति के बाद ही केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने राज्य सरकार से पूरी रिपोर्ट मांगी थी।

### परिवारों का शेयर बाजार में 1,185 अरब डालर का निवेश

## भारतीयों के पास 335 लाख करोड़ का 34,600 टन सोना

नई दिल्ली। मार्गेन स्टेईन्ली के द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास जून 2025 तक कुल 34,600 टन सोना का विपुल भंडार है। जिसकी कीमत वर्तमान में प्रति औंस 4000 डालर के भाव से 3,785 अरब डालर के भाव से 3,785 अरब डालर याने कि 3.8 लाख करोड़ डालर होती है। रूपयों में इसकी कीमत 335 लाख करोड़ होती है। यह कीमत देश की कुल जीडीपी की 88.08 प्रतिशत जितनी है। 2025 में अभी तक सोनी में 62प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसके कारण कीमत इतनी बढ़ी है। वर्तमान में विभिन्न भारतीय परिवारों ने शेयर बाजार में कुल 1,185 अरब डालर का निवेश किया है। जिसके कारण सोने की इस बड़ी मात्रा की कीमत 3.1 गुना ज्यादा है।

जानकारों के मत से भारत में परम्परागत रूप से सोना खरीदा जाता है। इसके अलावा मुनाफा कमाने के लिए भी सोने में निवेश किया जाता है। अनेक आर्थिक शक्तियों के कारण भी भारत विश्व में सोने के लिए सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। मंहगाई के दौरान भी सहायक के रूप में एक विकल्प, मूल्य में सतत् वृद्धि और सुरक्षित निवेश के लिए एक विकल्प होनें से भी भारत में स्थायी रूप से सोने की कीमत ऊंची रहती है।



*सोने के भंडार की यह कीमत देश की जीडीजी का 88.8 प्रतिशत जितना*

**0 सोने की कुल मांग में 26 प्रतिशत हिस्से के साथ भारत दूसरे स्थान पर सोने की बचत में डिपाजिट के निवेश का हिस्सा घटता गया**

वर्ल्ड गोल्ड कांउसिल के पास उपलब्ध डाटा अनुसार जून 2025 के पहले चार क्वार्टर में विश्व भर में सोने की कुल डिमांड जानने को मिली थी। उसमें से 26प्रतिशत डिमांड के साथ भारत खड़ा था। जब कि, चीन 28प्रतिशत के साथ प्रथम क्रम में आता है। भारत में सोना की कुल मांग देखने को मिलती है, उनमें से 66 प्रतिशत डिमान्ड गहने-आभूषण की होती है। जब कि, शेष डिमान्ड बार और कायंस के लिए होती है।

भारतीय परिवारों के द्वारा जो कुल निवेश किया जाता है, उसे डिपाजिट मानकर निवेश का हिस्सा वित्तीय वर्ष में 2024-25 के अंत में घट कर 35 प्रतिशत हुआ है। जो 2023-24 के अंत में 40 प्रतिशत था। जब कि, कोविड महामारी के पहले के समय में 46 प्रतिशत था। इसकी तुलना में 2024-25 के अंत में इक्वीटी में किया गया निवेश का हिस्सा बढ़कर 15.1 प्रतिशत हुआ है। जो 2023-24 के अंत में 8.7 प्रतिशत था। जब कि, कोविड महामारी के पहले केवल 4 प्रतिशत था।

## हमास ने 20 इजरायली बंधक रिहा किए, ट्रंप ने कहा- अब शांति और तरक्की के लिए हो काम; पीएम मोदी ने की सराहना

तेल अवीव। इस्राइल और गाजा के बीच शांति समझौता करने के लिए इस्राइल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस्राइली सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का एलान किया है। ट्रंप यह सम्मान पाने वाले पहले गैर इस्राइली नागरिक हैं। इसके साथ ही पीएम नेतन्याहू ने डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रयासों की सरहाना की है। इसके बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राइली नेसेट को संबोधित किया।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अंधेरे और कैद में खौफनाक दो साल बिताने के बाद 20 बहादुर बंधक अब अपने परिवारों के पास वापस लौट रहे हैं। ट्रंप ने दोहराया, हमने आठ महीनों में आठ युद्ध निपटाए हैं, जिनमें यह भी शामिल है। ट्रंप ने कहा, अगर हम जंग में उतरते हैं, तो हम



इसे ऐसे जीतते हैं, जैसा पहले कभी किसी ने नहीं जीता। ट्रंप ने कहा, गाजा शांति समझौता मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) के लिए एक ऐतिहासिक सुबह है। उन्होंने कहा, नेतन्याहू से निपटना आसान नहीं है। यही बात उन्हें महान बनाती है। यही बात उन्हें बहुत अच्छा बनाती है। आपने (नेतन्याहू) बहुत बढ़िया काम किया। अमेरिकी राष्ट्रपति (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने इजरायल के बंधकों की रिहाई का किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के बंधकों की रिहाई का स्वागत किया है. साथ ही पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रयासों को भी सराहा है. पीएम मोदी ने इस रिहाई को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया है. 738 दिनों के बाद हमास की कैद से 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया गया है, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजरायल पहुंचे हैं. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, हम दो साल से ज्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं.

## बिहार चुनाव से पहले लालू परिवार को झटका, IRCTC घोटाले में आरोप तय, चलेगा केस

नई दिल्ली। बिहार के विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार, 13 अक्टूबर को लालू यादव और उनके परिवार को बड़ा झटका लगा। आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने लालू यादव, तेजस्वी यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए। अब इनके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा चलेगा।



इस मामले में सीबीआई ने 2017 में केस दर्ज किया था। लालू यादव के अलावा उनके बेटे तेजस्वी यादव और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी समेत कुल 14 लोग इस मामले में आरोपी हैं। सोमवार सुबह ये सभी दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचे थे। इसके अलावा राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब केस में भी सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में फैसला टाल दिया है। अब 10 नवंबर को जमीन के बदले जमीन के मामले में सुनवाई होगी। आईआरसीटीसी होटल घोटाले के मामले में कोर्ट ने लालू, तेजस्वी और राबड़ी देवी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए।

अब इनके खिलाफ कोर्ट में मुकदमा चलाया जाएगा। कोर्ट ने आईपीसी की धारा 420 और 120 (बी) के तहत आरोप तय किए हैं। इन सभी आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप है। इस मामले में लालू यादव को मुख्य आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी समेत अन्य सभी सहायक आरोपी हैं।

## डिजिटल सिग्नेचर घोटाला: 1580 स्कूलों के शिक्षकों से 50 लाख की ठगी

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ में डिजिटल सिग्नेचर की अनिवार्यता के नाम पर 1580 शालाओं से 50 लाख की ठगी का आरोप छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने लगाया है। रायपुर की एक निजी डिजिटल सिग्नेचर प्रोवाइडर कंपनी पर वसूली का आरोप लगा है। शिक्षक संघ ने मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। दरअसल ये पूरा मामला बालोद जिले के दल्लीराजहरा का है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ दुर्ग संभाग के अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने आरोप लगाया है कि, बालोद जिले के शिक्षकों के साथ डिजिटल सिग्नेचर की अनिवार्यता के नाम पर 1580 शालाओं से 50 लाख की ठगी की गई। उन्होंने ने बताया कि कंपनी ने प्रति शाला के नाम पर शिक्षकों से करीब 3-3 हजार लिए। इसकी शिकायत मिलते ही शिक्षक संघ ने जब इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से मांगी तो उन्होंने डिजिटल सिग्नेचर अनिवार्यता का विभागीय स्तर पर कोई आदेश जारी नहीं होने की बात कही। शिक्षक संघ के अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने एनपीजी से चर्चा में बताया कि जिले के बीआरसी कार्यालयों में दो साल पहले जिले के स्कूलों के शिक्षकों की डिजिटल सिग्नेचर को लेकर कार्यशाला बुलाई गई थी। यह कार्यशाला रायपुर के डिजिटल सिग्नेचर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

*शिक्षक संघ ने लगाया आरोप, उच्चस्तरीय जांच की मांग*

## भारतीय किसान संघ का सीएम हाउस घेराव: पुलिस ने रास्ते में ही रोका, धान खरीदी, हाफ बिजली बिल स्कीम समेत कई मांगे शामिल




रायपुर। राजधानी रायपुर में सोमवार को भारतीय किसान संघ ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। संघ के सैकड़ों किसान मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें बूढ़ातालाब के पास ही रोक दिया। भारी विरोध को देखते हुए प्रशासन ने सप्रे स्कूल के पास ही बैरिकेडिंग कर दी थी। जिसके चलते किसान सीएम हाउस तक नहीं पहुंच सकें। किसानों की मुख्य मांगों में उचित समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी, हाफ बिजली बिल स्कीम को फिर से लागू करना, एग्रीटेक पोर्टल की तकनीकी विसंगतियों को दूर करना और धान की खरीदी की अवधि बढ़ाना शामिल है।

किसान यह भी मांग कर रहे हैं कि धान की प्रति क्विंटल राशि में केंद्र सरकार की तरफ से तय 2100 रुपए के एमएसपी के साथ-साथ राज्य सरकार की ओर से घोषित एक रुपए की अतिरिक्त राशि को जोड़ते हुए 3,100 की जगह 3,286 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान किया जाए।

### 1 नवंबर से शुरू हो धान खरीदी

भारतीय किसान संघ ने मांग की है कि, 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो और 15 फरवरी तक चले। उन्होंने गन्ने की कीमत 500 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग भी रखी है। किसानों का कहना है कि राज्य में जिस तरह से एग्रीटेक पोर्टल की अनिवार्यता लागू की गई है, उससे तकनीकी दिक्कतों और अपूर्ण जानकारियों के कारण कई पात्र किसान वंचित हो रहे हैं। इस बीच, सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की तारीखों का ऐलान कर दिया है। 15 नवंबर से 31 जनवरी तक पूरे राज्य में 2,739 खरीदी केंद्रों पर धान की खरीदी की जाएगी। इस बार सरकार प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल तक धान खरीदेगी और प्रति क्विंटल 3,100 रुपए का भुगतान किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया (शेष पृष्ठ 6 पर...)









## पहला कॉलम...

### युगांतर कप फुटबॉल टूर्नामेंट में युगांतर (ए) टीम का विजय अभियान शुरू



राजनांदगांव (दावा)। युगांतर कॅप फुटबॉल टूर्नामेंट में आज का मैच युगांतर ए तथा वाइडनर स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में युगांतर ए ने वाइडनर को 1-0 से हराया। इस मैच में टुकेश्वर चंद्राकर तथा दीपक धुर्वे ने तकनीकी सहायक की भूमिका निभाई। लाइन मैन की भूमिका उबेद तथा आसिफ ने निभाई। इस दौरान दोनों टीमों की बीच खिताब के लिए जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली है। इस टूर्नामेंट के आयोजन से फुटबॉल प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन मैच में युगांतर के चेयरमैन अजय सिंगी तथा कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा के मुख्य आतिथ्य में खेला गया। इस दौरान चेयरमैन व कोषाध्यक्ष ने सभी टीमों के प्रति हार्दिक शुभकामनाएँ प्रकट की। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर और पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

### आज से खान बाबा का उर्स पाक

राजनांदगांव (दावा)। शहर के चिखली स्थित सैय्यद अकबर अली शाह कंधारी उर्फ खान बाबा रहम तुल अलैह की आज 14 अक्टूबर से 4 दिवसीय 41वां उर्स पाक मनाया जा रहा है। आयोजनकर्ता आस्ताने खादिम ने बताया कि आज मंगलवार 14 अक्टूबर की शाम गुशलखानी एवं परचम कुसाई होगी वहीं दूसरे दिन 15 अक्टूबर बुधवार की सुबह आस्ताने शरीफ में कुरान खानी एवं शाम 5 बजे धुमाल बाजे के साथ शाह उच्च संदल चढ़ाया जाएगा। बताया गया कि 19 अक्टूबर रविवार की सुबह कुल शरीफ की फातिया के बाद समापन होगा। इस अवसर पर सभी धर्म प्रेमी लोगों को उर्स पाक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए श्रमिक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जिले के असंगठित कर्मकारों के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना में 274 श्रमिकों को 2 लाख 29 हजार 750 रूपए, असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना में 293 श्रमिकों को 58 लाख 60 हजार रूपए, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 59 हितग्राहियों को 59 लाख रूपए कुल 626 श्रमिकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से कुल 1 करोड़ 19 लाख 89 हजार 750 रूपए हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।

### आज कलेक्टोरेट परिसर में स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 13 से 26 अक्टूबर तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 14 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित एवं उत्पादित गुणवत्तायुक्त सामग्री की प्रदर्शनी एवं विक्रय कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में कार्यालय जिला पंचायत के सामने की जाएगी। प्रदर्शनी सह विक्रय में सभी विकासखंडों से स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित एवं उत्पादित सामग्री का प्रदर्शन स्टॉल के माध्यम से किया जाएगा। प्रदर्शनी सह विक्रय में जनसामान्य एवं अधिकारी व कर्मचारी को अधिक से अधिक उपस्थित होकर एवं उत्पादों को खरीद कर स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया है।

### किरण देवी पारख का निधन



राजनांदगांव (दावा)। आदर्श ग्राम सुरगी निवासी किरण देवी पारख का आकस्मिक निधन (देवलोक गमन) हो गया है। श्रीमती पारख त्रिलोकचंद पारख (वरिष्ठ भाजपा नेता) की धर्मपत्नी थी। उनके सुपुत्र धर्मेंद्र पारख, पप्पू पारख सहित भरापूरा परिवार छोड़ गईं है। जिनका आज गांव की मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें परिवारजन ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।







# पुष्य नक्षत्र से दमकेगा बाजार, सोने-चांदी की होगी जमकर खरीदारी

## सोना सवा लाख के पार, चांदी एक लाख इक्यावन हजार, दो दिनों तक रहेगा पुष्य नक्षत्र का योग, बाजार होगा गुलजार

**राजनांदगांव(दावा)।** दीपावली खरीदी का सीजन शुरू हो गया है लेकिन आए दिन की पानी-बारिश से बाजार थोड़ा मंदा जा रहा है। अभी कपड़ा मार्केट में रश देखने को मिल रहा है। चूंकि दीपावली त्यौहार में पूजा के समय नया कपड़ा होना आवश्यक रहता है, इसलिए शहर के कपड़ा व्यवसायियों का व्यवसाय ठीक-ठाक रहा है। दीपावली त्योहार को देखते हुए कुछ न कुछ नए सामान खरीदना भी आवश्यक माना जाता है। इसलिए इलेक्ट्रॉनिक सामान के व्यवसाय भी थोड़ी रंगत देखी जा रही है। सबसे ज्यादा मंदी का प्रभाव सर्राफा बाजार में देखा जा रहा है। सोने और चांदी की दिनों-दिन बढ़ती कीमतों ने लोगों के हौसले पस्त कर रखे हैं। खरीदने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। चूंकि दीपावली जैसे बड़ा और धन की देवी लक्ष्मी पूजन का त्योहार है इसलिए लोग शुभ मुहूर्त पर ज्यादा न सही कुछ न कुछ तो खरीदेंगे। सोने-चांदी के व्यवसायियों व अन्य सेक्टर वालो की इस शुभ मुहुर्त वाली खरीदी पर निगाह टिकी हुई है।

### मंगल पुष्य नक्षत्र की शुभ ख़रीदी

बता दें कि दीपावली के शुभ पर्व पर धन की देवी मां लक्ष्मी पूजन के पहले पुष्य नक्षत्र व धन तेरस के अवसर को शुभ मानते हुए सोने-चांदी आदि महंगी धातुएं की खरीदी की जाती है। इस दिन खरीदी का शुभ मुहूर्त भी होता है। इसे देखते हुए शहर का बाजार पूरी तरह से गया है। सर्राफा व्यवसाई सोने-चांदी आदि महंगी धातुएं खरीदने आने वाले ग्राहकों के इंतजार में हैं। हालांकि सोने के दाम लगभग सवा लाख रुपए से अधिक तोला व चांदी डेढ़ लाख रुपए किलो तक पहुंच जाने से सामान्य लोगों की इसे खरीदने की हिम्मत नहीं हो पा रही। लेकिन लक्ष्मी पूजन के लिए नेंग के लिए ही सही पर आज मंगल पुष्य नक्षत्र के शुभ मुहूर्त में लोग थोड़े ही लेकिन कुछ न कुछ अवश्य खरीदेंगे।



### खरीदी में ग्राहकों के लिए लुभावने आफर

बताते चलें कि दीपों का पर्व दीपावली के पांच दिन पहले 14 एवं 15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र का शुभ योग पड़ रहा है।शहर के युवा ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई ने बताया कि पुष्य नक्षत्र सभी राशि वालों के लिए सुख-समृद्धि लेकर आ रहा है। उन्होंने बताया कि ज्योतिष शास्त्र में इस मुहुर्त को अबूझ मुहूर्त कहा जाता है अतः इस दिन किए गए सभी कार्य पूरे होते हैं वहीं की गई हर खरीदी चिर स्थाई होती है। शुभ नक्षत्र को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। शुभ मुहूर्त में खरीदी को देखते हुए शहर का हर सेक्टर का बाजार सज गया है। शहर के आटोमोबाइल से लेकर कपड़ा, बर्तन, ज्वैलरी और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में ग्राहकों को लुभाने के आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। जिसमें केश डिस्काउंट एक्चेंज आफर सहित और कई आफर उपलब्ध है जहां लोग अभी से अपने पसंद के वाहनों घर-मकान, सोने-चांदी के आभूषण समेत अन्य वस्तुएं की बुकिंग भी करवा रहे हैं। वहीं शुभ मुहूर्त में खरीदी के लिए मार्केट में वासिंग मशीन, एसी, वाटर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर, गीजर, रेफ्रीजिरेटर, एलईडी टीवी, होम थिएटर की डिमांड बनी हुई है।

### सोने-चांदी के डिमांड में आई कमी

लखोली नाका स्थित गायत्री ज्वेलर्स के संचालक संजय सोनी ने बताया कि दुनिया में कई देशों के बीच छिड़ी जंग और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत सहित कई देशो में थोपे जा रहे टैरिफ के चलते सोने- चांदी के दाम बढ़ते ही जा रहे है। उन्होंने बताया कि अभी सोना 1 लाख 29 हजार प्रति 10 ग्राम व डल्ला चांदी प्रति किलो 1 लाख 78 हजार के करीब जा रहा है। बताया जाता है कि पिछले साल चांदी 97 हजार प्रति किलो था, वहीं सोना 88 हजार रुपए तोला यानि कि प्रति 10 ग्राम था जो साल भर में बढ़कर दोनों धातुएं सवा लाख व डेढ़ लाख से पार हो गया है।

जानकारों की मानें तो विश्व के कई देश में मंदी छाई हुई है, इसलिए लोग सोने-चांदी पर निवेश करना ज्यादा उचित समझा रहे हैं। इसमें पैसा डूबता नहीं और न घाटे का सौदा है। शहर के एक बड़े व्यवसाई ने बताया कि भले ही सोने-चांदी के दाम चढ़े गए हो लेकिन इसके बाद भी ज्वेलरी की डिमांड में कमी नहीं आई है। बड़े हुए रेट में भी लोग खरीदी करने आ रहे हैं। इन सर्राफा व्यवसाईयो ने बताया कि आज व कल पुष्य नक्षत्र की शुभ खरीदी तथा धनतेरस पर सर्राफा बाजार में अच्छी खरीदी की उम्मीद बनी हुई है। बाजार में बूम बनी रहेगी। कई लोगों ने तो पुष्य नक्षत्र व धनतेरस पर शुभ खरीदी करने भीड़-भाड़ से बचने के लिए पहली से बुकिंग करा ली है।

### 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम कल्लूबंजारी एवं बादराटोला में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र व सीएससी भवन में कम्प्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण हेतु 1-1 लाख रूपए कुल 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 16 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में एजेंडावार विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

**टी सी गुमा**

मैं विशाल बाजपेई पिता श्री दीपक बाजपेई के नाम पर नीरज पब्लिक स्कूल से जारी टी सी राजनांदगांव ग्रीन हाइट से सनसिटी जाते समय मार्ग पर कहीं गुम हो गया है. उक्त टी सी किसी सज्जन को मिले तो नीचे दिए गए नंबर पर सूचित करें या पते पर पहुंचाकर सहयोग करें.

**विशाल बाजपेई**
निवासी- सनसिटी एन एक्स राजनांदगांव मो.-8793088896

# जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं व्यंजन प्रदर्शनी सम्पन्न

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत लोकहित में संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार डॉ. शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन 12 अक्टूबर को मंगल भवन, शासकीय प्राथमिक शाला मैदान वार्ड नं. 3 मोतीपुर में किया गया। यह आयोजन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चला। जिसमें आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं योग चिकित्सा पद्धति के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. शिल्पा मिश्रा, डॉ. हर्षा दुबे, डॉ. सुरेन्द्र कुमार मेश्राम, श्रीमती छाया प्यासी एवं श्रीमती टीनू दीवान उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि के रूप में शहर के महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश बंधे पार्षद वार्ड नं. 3 ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोहर यादव पार्षद वार्ड नं. 8, सावन वर्मा प्रभारी सदस्य लोककर्म विभाग न.पा.नि. राजनांदगांव, मंटू यादव समाजसेवी एवं राजेन्द्र जैन समाजसेवी उपस्थित रहे। डॉ. शिल्पा मिश्रा ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भी अतिथियों का पुष्पहार से अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए आयुष विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनहित में चल रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज पूरी दुनिया एलोपैथी से हटकर आयुर्वेद और योग की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पहले लोग पंचकर्म के लिए केरल, बेंगलुरु या हैदराबाद जाते थे। अब राजनांदगांव में ही उसी पद्धति से सेवाएं मिल रही हैं। आयुर्वेद केवल इलाज नहीं, बल्कि स्वस्थ रहने की दिनचर्या सिखाता है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में दिनचर्या, ऋतुचर्या व प्राणायाम के माध्यम से रोगों से बचाव की संपूर्ण व्यवस्था है। मुख्य अतिथि ने कहा कि आयुष मंत्रालय के गठन से आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं की नई दिशा मिली है और विभाग को उनकी ओर से हरसंभव सहयोग मिलेगा। मुख्य अतिथि ने शिविर स्थल पर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और विशेष रूप से व्यंजन प्रदर्शनी स्टॉल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



**छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर भव्य आयोजन, 2762 रोगियों को मिला निःशुल्क उपचार, 3000 से अधिक को आयुष काढ़ा पिलाया गया**

महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेद साइंस, सुंदरा के विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही योगा वेलनेस सेंटर राजनांदगांव एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), पदुमतरा द्वारा बच्चों एवं महिलाओं ने आकर्षक योग नृत्य प्रतियोगिता प्रस्तुत की। इसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष), पदुमतरा को प्रथम, योगा वेलनेस सेंटर ग्रुप-1 को द्वितीय एवं ग्रुप-2 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। योग नृत्य का निर्देशन डॉ. हर्षा दुबे एवं डॉ. भारती यादव ने किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को बधाई देते हुए प्रतिदिन योगाभ्यास करने की प्रेरणा दी। शिविर में कुल 2762 रोगियों को विभिन्न पद्धतियों से उपचार व परामर्श दिया गया। जिनमें आयुर्वेद चिकित्सा : 1559 रोगी, होम्योपैथी चिकित्सा : 638 रोगी, यूनानी चिकित्सा: 306 रोगी, योग चिकित्सा :164 व्यक्ति, स्वर्ण प्राशन औषधि (0-16 वर्ष तक के) : 95 बच्चे इसके अतिरिक्त 96 पुरुष और 128 महिला रोगियों को पंचकर्म अंतर्गत स्नेहन व स्वेदन की सुविधा दी गई। लगभग 700 लोगों के शुगर व हीमोग्लोबिन परीक्षण किए गए तथा 3000 से अधिक नागरिकों को आयुष काढ़ा पिलाया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के अंतर्गत कई अनुभवी चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान की। आयुर्वेद चिकित्सा में डॉ. वर्षा नागवंशी, डॉ. योगेश्वरी ठाकुर, डॉ. सुरेन्द्र मेश्राम, डॉ. हर्षा दुबे, डॉ. हर्ष कुमार साहू, डॉ. सुनीता कोचेन्द्र, डॉ. अनिरुद्ध पटेल, डॉ. नम्रता कोसले, डॉ. सृष्टि अग्रवाल, डॉ. अनमोल गुप्ता, डॉ. मो. इकबाल हुसैन, डॉ. सुनील कुमार भोई शामिल रहे। होम्योपैथी में डॉ. हर्षा बरैया एवं डॉ. प्रीति बोरकर, यूनानी में डॉ. रुबिना शाहिन अंसारी, तथा योग चिकित्सा में डॉ. भारती यादव एवं डॉ. स्नेहा देशमुख ने अपनी सेवाएं दी।

लगभग 65 तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ. सुरेन्द्र कुमार मेश्राम द्वारा किया गया। जबकि डॉ. हर्षा दुबे ने आभार प्रदर्शन प्रस्तुत किया। शिविर का औपचारिक समापन सायं 5:30 बजे हुआ। समापन अवसर पर डॉ. शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव ने सभी अधिकारियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा एकजुटता और टीम भावना से ही ऐसे शिविर सफल होते हैं।

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव**
प्रक 202510095300003-ब /121-वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरपाल कंवर पिता रामचंद कवर जाति कंवर निवासी ग्राम कन्हारगांव तहसील डोंगरगढ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्र संदीप कंवर पिता हरपाल कंवर का दिनांक 20/12/2006 को ग्राम कन्हारगांव में जन्म हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्र संदीप कंवर पिता हरपाल कंवर का दिनांक 20/12/2006 को ग्राम पंचायत कन्हारगांव में जन्म दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 17/10/2025 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार, डोंगरगढ़ राजनांदगाव (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202509095700010**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः राजस्व
सनः- 2024-2025 ढाबा प.ह.नं. 00005(हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- रेणु, अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेणु पति केशर सिंह जाति गोड़, निवासी ग्राम ढाबा, प.ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पति केशर सिंह का मृत्यु तिथि 02/12/1977 को ग्राम ढाबा होने के कारण, अपने पति केशर सिंह का विलंबित मृत्यु तिथि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत ढाबा को जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्र. 66230725002263 के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो स्वयं/अपने अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 16/10/2025 के पूर्व कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**CHIRAG RAMTEKE**
**नायब तहसीलदार, तुमड़ीबोड़**

---

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका जिला-राजनांदगांव**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं. 202509094700003
बी-121 वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजलाल लहरे आ. चरण लहरे निवासी ग्राम घोठा प.ह.नं. 09 तहसील घुमका, जिला-राजनांदगांव अपने फूफा गुहाराम आ. हरीराम के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 20/09/1995 को स्थान मोंहदी पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 24/09/2025 तक लिखित में स्वयं/ अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेश कर सकते है बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 10/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 10/09/25
सुनवाई दिनांक 24/09/25

**नायब तहसीलदार, घुमका तह. व जिला - राजनांदगांव**

---

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)**
क्रं/4036/अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 17/09/2025

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार देशलहरे पिता नरेश देशलहरे, निवासी ग्राम खैरझिटी, पोस्ट डुमरडीहखुर्द, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम तिलई, पटवारी हल्का नंबर 24, खसरा नंबर 176/4 रकबा 0.0280 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 30/09/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 17/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव (छ.ग.)**

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रमेन्द्र कुमार साहू पिता मनहोरी राम साहू निवासी ग्राम व पो. जोरातराई तह. व जिला राजनांदगांव ( छ. ग. ) का निवासी हूँ।

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपने पुत्र का पुराना नाम गजेन्द्र कुमार साहू (GAJNENDRA KUMAR SAHU) पिता रमेन्द्र कुमार साहू है, जो त्रुटिवश प्रिंट है, जिसे बदलकर मैंने अपने पुत्र का नाम गजेश कुमार साहू (GAJESH KUMAR SAHU) पिता रमेन्द्र कुमार साहू रख लिया है। अतः आज से मेरे पुत्र को गजेश कुमार साहू (GAJESH KUMAR SAHU) से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये। अब से मेरे पुत्र को गजेश कुमार साहू (GAJESH KUMAR SAHU) से ही जाना व पहचाना जावे।

**रमेन्द्र कुमार साहू**
पिता मनहोरी राम साहू
निवासी ग्राम व पो. जोरातराई
तह. व जिला-राजनांदगांव ( छ. ग. )

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202509095700007**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः राजस्व
सनः- 2024-2025 ढाबा प.ह.नं. 00005(हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- चोवाराम, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चोवाराम आ. भुखऊ जाति गोड़, निवासी ग्राम ढाबा, प.ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने मां मेहतरीन बाई का मृत्यु तिथि 05/11/1980 को ग्राम ढाबा होने के कारण अपने मां मेहतरीन बाई का विलंबित मृत्यु तिथि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत ढाबा को जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्र. 66230725002261 के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो स्वयं/अपने अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 16/10/2025 के पूर्व कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**CHIRAG RAMTEKE**
**नायब तहसीलदार, तुमड़ीबोड़**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक 202509095700008**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः राजस्व
सनः- 2024-2025 ढाबा प.ह.नं. 00005(हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- दुलारू, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुलारू आ. अर्जुन जाति गोड़, निवासी ग्राम ढाबा, प.ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने दादी सोनई बाई का मृत्यु तिथि 20/10/1989 को ग्राम ढाबा होने के कारण अपने दादी सोनई बाई का विलंबित मृत्यु तिथि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत ढाबा को जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्र. 66230725002253 के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो स्वयं/अपने अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 16/10/2025 के पूर्व कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**CHIRAG RAMTEKE**
**नायब तहसीलदार, तुमड़ीबोड़**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509095700009**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
ढाबा प.ह.नं. 00005 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-चित्तौर सिंह
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चित्तौर सिंह आ. नकुल जाति गोंड़ निवासी ग्राम ढाबा, पटवारी ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माँ मोतिम बाई का मृत्यु तिथि 03/12/1977 को ग्राम ढाबा होने के कारण अपने माँ मोतिम बाई का विलंबित मृत्यु तिथि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत ढाबा को जारी करने शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रं. 66230725002257 के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो स्वयं/अपने अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 16/10/2025 के पूर्व कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**CHIRAG RAMTEKE**
**नायब तहसीलदार, तुमड़ीबोड़**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509095700011**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
ढाबा प.ह.नं. 00005 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- दुलारू
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुलारू आ. अर्जुन जाति गोंड़ निवासी ग्राम ढाबा, प.ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने दादा सहदेव का मृत्यु तिथि 25/03/1990 को ग्राम ढाबा होने के कारण अपने दादा सहदेव का विलंबित मृत्यु तिथि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत ढाबा को जारी करने शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रं. 66230725002251 के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो स्वयं/अपने अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 16/10/2025 के पूर्व कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**CHIRAG RAMTEKE**
**नायब तहसीलदार, तुमड़ीबोड़**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509095700006**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
ढाबा प.ह.नं. 00005 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- दुलारू
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुलारू आ. अर्जुन जाति गोंड़ निवासी ग्राम ढाबा, पटवारी ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माँ राधा बाई का मृत्यु तिथि 13/06/1998 को ग्राम ढाबा होने के कारण, अपने माँ राधा बाई का विलंबित मृत्यु तिथि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म- मृत्यु ग्राम पंचायत ढाबा को जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रं. 66230725002259 के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो स्वयं/अपने अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 16/10/2025 के पूर्व कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**CHIRAG RAMTEKE**
**नायब तहसीलदार, तुमड़ीबोड़**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202509095700005**
विषयः- ब-121 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
ढाबा प.ह.नं. 00005 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- लेखराम
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेखराम आ. पुरानिक जाति गोंड़ निवासी ग्राम ढाबा, पटवारी ह.नं. 05 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने माँ फुलबत्ती का मृत्यु तिथि 10/05/1985 को ग्राम ढाबा होने के कारण अपने माँ फुलबत्ती का विलंबित मृत्यु तिथि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत ढाबा को जारी करने, शपथ पत्र, आधार कार्ड, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान क्रं. 66230725002255 के साथ आवेदन मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो स्वयं/अपने अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेशी तिथि 16/10/2025 के पूर्व कर सकते है। सुनवाई तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/09/2025 को जारी किया जाता है।

**CHIRAG RAMTEKE**
**नायब तहसीलदार, तुमड़ीबोड़**

---

**शुभांक**

अनुमानित
बी. के.
1-5-0
770-4 460-0
राजधानी
2-4-9
157-3 468-8

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# राजनांदगांव की बेटियों का जलवा : अंडर-19 महिला टी-20 टीम में 4 खिलाड़ियों का चयन, महक नरवासे बनी कप्तान



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से संबद्ध है, ने महिला अंडर-19 टीम की घोषणा की है।

यह टीम आगामी महिला अंडर-19 टी-20 बीसीसीआई ट्रॉफी 2025-26 में हिस्सा लेगी। जो 26 अक्टूबर से मुंबई में आयोजित होगी। टीम के चयनित खिलाड़ियों को निर्देश दिया गया है कि वे होटल किंग्सवे कॉन्टिनेंटल रायपुर में रिपोर्ट करें। सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड, रंगीन पोशाक और किट बैग साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं रायपुर के स्थानीय खिलाड़ी दोपहर 2 बजे तक आरडी ग्राउंड में अभ्यास सत्र के लिए रिपोर्ट करेंगे।

टीम के चयनित खिलाड़ी में आकांशा रानी, अर्चिता मिस्त्री, भाविका साहू, चांद चेलक (विकेटकीपर), दीपिका भगत, जपनीत कौर जस्सल, महक नरवासे (कप्तान), मिताली नरेटी, मोनिका श्रीवास, पलक सिंह, शांति बघेल, शिविका अग्रवाल, शेख नाजिया (विकेटकीपर), श्रेया श्रीवास, सिलमनी कंडुलना, यति शर्मा आदि है।

### राजनांदगांव की चार खिलाड़ीयों का चयन

राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम में जिले की चार महिला खिलाड़ी जपनीत कौर जस्सल, महक नरवासे (कप्तान), मिताली नरेटी और शिविका अग्रवाल के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई कि वे आगामी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर राज्य और जिले का नाम रोशन करेंगी। राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी और सचिव योगेश बागड़ी ने संयुक्त रूप से कहा कि 'राजनांदगांव की प्रतिभाशाली बेटियां लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। टीम की कप्तान महक नरवासे हैं। जिनका चयन विगत दिनों भारतीय क्रिकेट टीम अंडर-19 में अंतिम 25 खिलाड़ियों में किया गया है। उनका चयन जिले के लिए गर्व का विषय है। हमें विश्वास है कि ये खिलाड़ी मुंबई में होने वाले टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी।' खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक है।

छत्तीसगढ़ की बेटियां क्रिकेट के मैदान में लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह हर उस परिवार के लिए प्रेरणा है, जो बेटियों को आगे बढ़ाने का सपना देखता है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# महापौर मधुसूदन यादव ने वरिष्ठजनों को वितरित किए आयुष्मान भारत वय-वंदन कार्ड




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर महापौर मधुसूदन यादव द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर में 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठजनों को आयुष्मान भारत वय-वंदन कार्ड का वितरण किया गया। महापौर ने वरिष्ठजनों को आयुष्मान भारत वय-वंदन कार्ड से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत वय-वंदन कार्ड जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में बनाया जाता है। उन्होंने 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठजनों को आयुष्मान भारत वय-वंदन कार्ड बनवाने की अपील की। महापौर ने कुंती वर्मा, इंदू खोब्रागढ़े, कमला डोंगरे, शांति बाई शेण्डे, राम बाई देवांगन, कैलाश बाई सिन्हा, सोना बाई देवांगन, गणेशिया देवांगन, सुखिया सिन्हा सहित अन्य वरिष्ठजनों को आयुष्मान भारत वय-वंदन कार्ड का वितरण किया।

जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. बीएल तुलावी ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों के पंचायत एवं वार्ड स्तर पर पंजीयन शिविर एवं ऑन स्पॉट कार्ड वितरण किया गया और आगामी दिनों में आयुष्मान भारत वय-वंदन कार्ड का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला-प्रबंधक शहरी सुश्री पूजा मेश्राम, एनसीडी सलाहकार विकास राठौर, जिला समन्वयक आयुष्मान भारत ऐश्वर्य साव एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# 'पंचम आरे' में मर्यादाओं का कोई महत्व नहीं रह जाएगा-मुनि वीरभद्र



**झूठे और कपटी धनवान होंगे और सच्चे ईमानदार गरीब होंगे**

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि परमात्मा ने गौतम स्वामी को 'पांचवें आरे' के बारे में बताया कि इस आरे में मर्यादाओं का कोई महत्व नहीं रह जाएगा और हर कोई एक-दूसरे को पीड़ा पहुंचाने की कोशिश करेगा। जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि परमात्मा द्वारा गौतम स्वामी को 'पंचम आरे' की जानकारी देते हुए बताया था कि इस युग में व्यक्ति की उम्र 130 वर्ष से घटते-घटते अंतिम काल में मात्र 20 वर्ष रह जाएगी। झूठे और कपटियों का बोलबाला होगा। वे धनवान होंगे और सच्चे ईमानदार गरीब होंगे। उनके पास पेट भरने के लिए भी पर्याप्त भोजन नहीं होगा। वात्सल्य की कमी होगी और व्यक्ति एक दूसरे को पीड़ा पहुंचाने की कोशिश करेगा। मर्यादाएं धूमिल हो जाएगी। पुत्रवधू, जेठ, ससुर आदि के सामने अमर्यादित बातें करेंगी। मंच पर खुलेआम नाचने लगेगी। मर्यादाएं उन्हें बांधकर नहीं रख पाएंगी। मुनि वीरभद्र (विराग) ने आगे बताया कि 'पंचम आरे' में गाय जैसे उत्तम जानवरों का लोग मांस भक्षण करने लगेंगे। धर्म, श्रद्धा, आयुष्य और शरीर का महत्व घट जाएगा। मर्यादा नहीं होने कारण घर में संस्कारों की सुरक्षा चली जाएगी। मां बाप के साथ संयुक्त परिवार कम देखने को मिलेगा। लूटपाट आम बात होगी। इस युग में भी साधना कर अनेक जीव अपने आप को आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ा पाएंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# तीन गुना बिजली बिल से जनता परेशान : छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने स्मार्ट मीटर और कटौती पर उठाए सवाल



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने राज्य सरकार पर बिजली दरों में भारी वृद्धि करने और स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को तीन गुना बिल भेजने का आरोप लगाया है। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर श्री वैष्णव ने कहा कि जिस प्रदेश को सरप्लस बिजली के नाम से जाना जाता है और जो अन्य राज्यों को बिजली बेचता है, उसी प्रदेश में आज जनता बढ़ी हुई दरों और अघोषित कटौती से परेशान है।

### स्मार्ट मीटर पर आपत्ति

श्री वैष्णव ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा पुराने मीटरों को जबरदस्ती हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। जिसके बाद उपभोक्ताओं को तीन गुना अधिक बिजली बिल भेजा जा रहा है। उनका दावा है कि इस वृद्धि से आम जनता और किसान दोनों परेशान हैं और उन्हें आए दिन बिजली कटौती का सामना भी करना पड़ रहा है।

### महतारी वंदन योजना पर सवाल

सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हजार रुपये दे रही है। वहीं दूसरी तरफ बिजली एवं शराब पर दाम बढ़ाकर उसी राशि को जनता से वसूल रही है।

उन्होंने पूर्व सरकार की 400 यूनिट बिजली हाफ योजना को याद करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने उस योजना को बंद कर दिया और बिजली में कोई राहत न देकर अंधाधुंध बिल भेजकर जनता को परेशान कर रही है। उनका आरोप है कि बिलों में वृद्धि की जानकारी लेने पर विभाग द्वारा कोई ठोस जवाब नहीं दिया जाता, बल्कि मात्र टाल-मटोल किया जाता है। जिससे आम जनता में गहरा असंतोष व्याप्त है।

### बकायादारों से वसूली की मांग

श्री वैष्णव ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शासकीय कार्यालयों और बड़े-बड़े उद्योगों पर लाखों-लाखों रुपये का बिजली बिल बकाया है, जिसे सरकार और विद्युत विभाग वसूल नहीं कर पा रहे हैं। इस बकाये की भरपाई आम जनता से बिल तीन गुना बढ़ाकर की जा रही है। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने सरकार से मांग की है कि वह तत्काल शासकीय कार्यालयों एवं बड़े उद्योगों से बकाया लाखों रुपये का बिजली बिल वसूल करे और जनता पर लगाए गए बढ़े हुए बिजली दरों को कम करे, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# फटाखा दुकानों में आग से बचाव के लिए दिशा-निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ द्वारा जिले में समस्त स्थायी एवं अस्थायी फटाखा दुकानों में आग से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नगर सेना ने बताया कि जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम 2018, छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि फटाखा दुकान कपड़ा, बांस, रस्सी, टैंट सहित अन्य किसी भी ज्वलनशील पदार्थ का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। फटाखा दुकान कम से कम एक दूसरे से 3 मीटर की दूरी (साईड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनायी जाए। फटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित है। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिये एवं प्रत्येक मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिये, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बन्द हो जाये। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उसके ऊपर से हाईटेंशन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक फटाखा दुकान में 5 किलोग्राम क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र होना चाहिये तथा इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिये। फटाखा दुकानों के सामने बाईक एवं कार की पार्किंग प्रतिबंधित है। अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मुव्हमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए।

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित होकर एबीवीपी नगर कार्यकारिणी ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा के उपरांत कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर नगर के सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन के विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर सक्रिय रहने का निश्चय किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि एबीवीपी केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की परिकल्पना को साकार करने वाला आंदोलन है। नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा, स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए ऊर्जा, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी युवाओं को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाते हैं। एबीवीपी उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रनिर्माण के क्षेत्रों में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। नगर सहमंत्री निकिता श्रीरंगे ने कहा, नई नगर कार्यकारिणी का गठन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक नया संकल्प है। स्वामी विवेकानंद के आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि सच्चा विद्यार्थी वही है जो समाज के विकास में अपना योगदान दे।

माल्यार्पण के समय मुख्य रूप से नगर सहमंत्री प्रतीक गढ़वाल, सहमंत्री भूपेंद्र पाल, नगर महाविद्यालय प्रमुख जीत शर्मा, सह प्रमुख वेणुका, नगर स्टूडेंट्स फॉर सेवा प्रमुख चैतन्य त्रिवेदी, नगर स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट प्रमुख कुलदीप, नगर राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख युक्ता मांडवी, नगर कार्यकारिणी सदस्य धन्नू टंडन, देवेंद्र मांडवी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 'एबीवीपी और राष्ट्र एक सूत्र में बंधे हैं' का संदेश देते हुए युवा पीढ़ी को राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। यह आयोजन न केवल नई नगर कार्यकारिणी की शुरुआत का प्रतीक रहा, बल्कि स्वामी विवेकानंद के विचारों के प्रति प्रतिबद्धता और संगठन के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण को भी सशक्त रूप में प्रस्तुत करता है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद के प्रेरक संदेश – 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत' को अपने जीवन का मूल मंत्र मानते हुए आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ द्वारा धरना प्रदर्शन 24 को

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर पं क्र. 6685 एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर महासंघ रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में विगत दो वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का धान की सुखत एवं विगत वर्ष छत्तीसगढ शासन द्वारा लिखित आदेश में 28 फरवरी के बाद सुखत आने पर सुखत की भरपाई नहीं करने तथा विगत वर्षों में धान परिवहन समय पर नही करने के कारण प्रदेश से 2058 समितियों की आर्थिक स्थिति खराब हुई एवं विगत 18 वर्षों से समितियों में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर को हटाकर छत्तीसगढ शासन द्वारा प्लेसमेंट में 2739 उपार्जन केन्द्रों पर नये आपरेटर का भर्ती की जा रही है जिसके विरोध में तथा प्रदेश के 2058 समिति के 2739 खरीदी केन्द्रों के केन्द्र प्रभारी के स्थान पर नये केन्द्र प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी द्वारा नियुक्त किया जा रहा है, जिसे जिला कलेक्टर निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्र के समस्त प्रभार जैसे हमाली व्यवस्था, धान तौलाई, सिलाई छल्ली, स्टैफिंग, धान की सुरक्षा, सम्पूर्ण स्तर की जिम्मेदारी सम्पूर्ण सुखत की जिम्मेदारी धान परिवहन की जिम्मेदारी एवं धान का अंतिम उठाव तक की जिम्मेदारी का स्पष्ट आदेश जारी कराने हेतु दिनांक 24.10.2025 दिन शुकवार को प्रदेश के 33 जिले के जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन समिति के समिति प्रबंधक, सहायक समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक, विकेता, कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा धरना प्रदर्शन कर जिलाध्याक्ष को ज्ञापन सौपा जावेगा। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष किशुन लाल देवांगन ने बताया कि 28.10.2025 दिन मंगलवार को तुता रायपुर में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री एवं संबंधित विभाग को ज्ञापन सौपा जावेगा। दिनांक 3.11.2025 दिन सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रदेश के सभी संभागों पर किया जावेगा। मांग पूरी नही होने पर दिनांक 12.11.2025 से तुता रायपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रदेश के 13000 समिति के कर्मचारी एवं 2058 समिति के 2739 कम्प्युटर आपरेटर संयुक्त रूप से भाग लेंगे। जिसमें राजनांदगाव जिले के 74 समितियों के 96 उपार्जन केन्द्र के प्रभारी एवं उपार्जन केन्द्र से संबंधित सभी कर्मचारी तथा सभी 96 उपार्जन केन्द्र के कम्प्युटर आपरेटर इस आंदोलन में भाग लेंगे।

# भाजपा सरकार हर महीने बिल नहीं, करेंट भेज रही है जनता को - राजेंद्र सोनी



**बिजली संकट, कटौती और महंगे बिल पर आम आदमी पार्टी का सीधा वार**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की राजनीति में बिजली का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी (भाई राजा) ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय परेशान कर रही है।

श्री सोनी ने तंज कसते हुए कहा बिजली करेंट मारती है और भाजपा सरकार जनता को बार-बार करेंट मार रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने भरोसा करके सत्ता सौंपी लेकिन सरकार ने उसी भरोसे का गला घोंट दिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को घेरते हुए पूछा कि क्या यही उनके अच्छे दिन हैं? किसानों के खेतों में अंधेरा है आम लोग कटौती से परेशान हैं उद्योग-धंधे प्रभावित हो रहे हैं और ऊपर से जनता पर भारी-भरकम बिजली बिल थोपे जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता चुप है तो इसका मतलब यह नहीं कि सब कुछ ठीक है। जिस दिन जनता का गुस्सा उबल पड़ा उस दिन भाजपा सरकार को बचाने वाला कोई नहीं होगा। भाजपा सिर्फ चुनावी वादे और जुमले देती है लेकिन हकीकत में जनता के लिए कुछ नहीं करती। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय 24 घंटे बिजली किसानों को राहत और उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने का वादा किया था लेकिन आज प्रदेश के कई इलाकों में लंबे-लंबे कटौती के दौर जारी हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर जनता कब तक इन झूठे वादों और करेंट जैसे झटकों को सहन करेगी? आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनी (भाई राजा) ने लोगों से अपील की कि वे अपनी ताकत को पहचानें और आवाज उठाएं। क्योंकि लोकतंत्र में जनता से बड़ा कोई नहीं होता। उन्होंने कहा भाजपा को याद रखना होगा कि कुर्सी जनता देती है और जब जनता नाराज़ हो जाती है तो उसी कुर्सी को पलटने में देर नहीं लगती। राजेंद्र सोनी का यह बयान छत्तीसगढ़ की राजनीति में हलचल मचाने वाला माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी बिजली के मुद्दे पर और अधिक आक्रामक रुख अपनाएगी। जिससे भाजपा सरकार पर विपक्षी दबाव और बढ़ेगा।


**कार्यालय अधीक्षक अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(द्वितीय आमंत्रण)

दुर्ग, दिनांक 08.10.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 23.10.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 233/177235 | उपसंभाग कवर्धा के अंतर्गत सेक्शन क्र. 01 एवं क्र.02 के अंतर्गत कुल 20 मार्ग एवं स. लोहारा एवं पिपरिया सेक्शन के अंतर्गत कुल 18 मार्ग पर बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 119.00 |
| 234/177236 | शास. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 120.69 |
| 235/177237 | जिला कबीरधाम वि.खं. पंडरिया के ग्राम मैनपुरा से हरिनाला पुल निर्माण कार्य | 77.79 |
| 236/177238 | लोक निर्माण विभाग, अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत ओड़ारसकरी में हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य। | 67.91 |

टीपः- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष- 0788-2210876

जी- 252604145/2



**कार्यालय वनमंण्डलाधिकारी कवर्धा, वनमंडल कवर्धा (छ.ग.)**

Tel No. 232230 E-Mail: dfo-kawardha.cg@gov.in

**विज्ञापन की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि वन परिक्षेत्र स.लोहारा के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20731/15 दिनांक 06.12.2024 में 01 नग वाहन यामाहा मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 07 ए.जी. 1786 चेचिस नं. ME11PM038C2042160 इंजन नं. 1PM3042328 को राष्ट्रीयकृत वनोपज का अवैध परिवहन किये जाने के आरोप में जप्त किया गया है। उक्त प्रकरण का आरोपी आज दिनांक तक अज्ञात है एवं वाहन के बारे में आरटीओ से प्राप्त जानकारी के आधार पर वाहन मालिक का पता नहीं लगाया जा सका। वर्तमान में उक्त वाहन की राजसात की कार्यवाही कार्यालय प्रधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी सहसपुर लोहारा में प्रक्रियाधीन है।

अतः संबंधित वाहन स्वामी/दावेदार अथवा कोई भी इच्छुक व्यक्ति, जिसके पास उक्त वाहन पर स्वामित्व/अधिकार का दावा हो, वह इस ईश्तहार के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मूल कागजात के साथ उपवनमंडलाधिकारी स.लोहारा उपवनमंडल स.लोहारा के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/स्वामित्व प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित 15 दिनों के भीतर कोई भी व्यक्ति/संस्था उक्त वाहनों के स्वामित्व के संबंध में अपना स्वामित्व दावा/अधिकार प्रस्तुत नहीं करते है, तो एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए शासन के पक्ष में राजसात कर दिया जायेगा।

जी- 252604105/3

वनमंडलाधिकारी
कवर्धा वनमंडल कवर्धा



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगढ़ संभाग**

-:: विद्युत बंद की सूचना ::-

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आगामी दीपावली पर्व 2025 को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ संभागीय कार्यालय अन्तर्गत 33 एवं 11 के.व्ही.फीडरों का ट्री कटिंग एवं मेटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लाईन मेंटनेंस का समय **सुबह 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक है।** विद्युत सप्लाई उल्लेखित समय तक बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई-बढ़ाई जा सकती है। असुविधा के लिए खेद है।

| क | दिनांक | दिन | सब-स्टेशन का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्रों के नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 15/10/2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. पनियाजोब | 11 के.व्ही. बोरतलाव फीडर | बोरतलाव,खम्पुरा,बुढानछापर,पिपरखारकला एव फीडर में आने वाले समस्त ग्राम। |
| 02 | 15/10/2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. कन्हारडबरी | 11 के.व्ही. कन्हारडबरी फीडर | ठेकवा, कन्हारडबरी, कोलिहापुरी पंप लाईन । |
| 03 | 15/10/2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. ढारा | 11 के.व्ही. ढारा फीडर | ढारा, शिवपुरी, देवकट्टा, बाकलेडी, और सलोनी । |
| 04 | 15/10/2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. ला0ब0नगर | 11 के.व्ही. मडियान फीडर | समस्त 11 के0व्ही0 मडियान फीडर । |
| | 15/10/2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. अरसीटोला | 11 के.व्ही. पुर्रामटोला फीडर | पुर्रामटोला फिडर से संचालित होने वाली 11 के. व्ही., पुर्रामटोला से शिकारीटोला तक । |
| 05 | 15/10/2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. कोठीटोला | 11 के.व्ही. टाटेकसा फीडर | 33/11 के.व्ही. टाटेकसा फिडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम । |
| 06 | 15/10/2025 | बुधवार | 33/11 के.व्ही. ब0चारभौंठा | 11 के.व्ही. बिजेपार फीडर | बिजेपार फीडर से संचालित होने वाली 11 के. व्ही., नादियाखुर्द टेपिंग । |
| 07 | 16/10/2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. पनियाजोब | 11 के.व्ही. चिद्दो फीडर | चिद्दो,खरखाटोला ,एवं फीडर में आने वाले समस्त ग्राम । |
| 08 | 16/10/2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. मेढा | 11 के.व्ही. हरनसिंघी फीडर | जामरी, लमानिनभौंठा, पारागांवकला,जटकन्हार । |
| 09 | 16/10/2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. ढारा | 11 के0व्ही ठाकुरटोला फीडर | ठाकुरटोला, कातलवाही, कोलेन्द्रा, सलोनी । |
| 10 | 16/10/2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. ला0ब0नगर | 11 के.व्ही. चिचोला फीडर | समस्त 11 के.व्ही. चिचोला फीडर । |
| 11 | 16/10/2025 | गुरूवार | 33/11 के.व्ही. सडक चिरचारी | 11 के.व्ही. बागनदी फीडर | 33/11 के.व्ही. बागनदी फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम । |
| 12 | 17/10/2025 | शुकवार | 33/11 के.व्ही. ढारा | 11 के0व्ही ढारा फीडर | रीवागहन और कन्हारगांव । |
| 13 | 17/10/2025 | शुकवार | 33/11 के.व्ही. ला0ब0नगर | 11 के.व्ही. रामाटोला फीडर | समस्त 11 के.व्ही. रामाटोला फीडर । |
| 14 | 17/10/2025 | शुकवार | 33/11 के.व्ही. कोठीटोला | 11 के.व्ही. सीतागोटा फीडर | 33/11 के.व्ही. सितागोटा फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम । |
| 15 | 18/10/2025 | शनिवार | 33/11 के.व्ही. सड़क चिरचारी | 11 के.व्ही. बागनदी फीडर | 33/11 के.व्ही. बागनदी फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम । |

''बिजली की बचत ही, बिजली का उत्पादन है''

एस.पी. जेकब
कार्यपालन अभिंयता (संचा./संधा.)संभाग
छ.ग. स्टेट.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि., डोंगरगढ़

## अनमोल दावा

**“हर दिन आपने आपको बेहतर बनाने का प्रयास करें।**

# संबंधों को पटरी पर लाने की चुनौती भारत-अमेरिका के बीच साझेदारी ही स्थिरता की गारंटी

अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत और दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों के विशेष दूत सर्जियो गोर ने पहले ही दिन भारत के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री से उनकी बैठकें संकेत हैं कि वाशिंगटन भारत के साथ अपने रिश्ते को नई गति देने के मूड में है। इस सौहार्दपूर्ण शुरुआत के पीछे गोर के लिए चुनौतियों का एक जटिल जाल बिछा हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मित्रता ने जहां संबंधों में नई ऊर्जा डाली है, वहीं दोनों देशों के बीच व्यापारिक मतभेद, तकनीकी साझेदारी की जटिलताएं और दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन को लेकर चिंताएं अब भी बनी हुई हैं। गोर के लिए सबसे बड़ी कसौटी यह होगी कि वे व्यक्तिगत निकटता को नीति में बदलें और इन विरोधाभासों को समेटते हुए संबंधों को नई दिशा दें।

गोर का भारत में राजदूत के साथ-साथ दक्षिण एवं मध्य एशियाई मामलों का विशेष दूत भी होना एक राजनीतिक संकेत है कि अमेरिका भारत और उसके पड़ोसी क्षेत्र को अब सीधे राष्ट्रपति की प्राथमिकता के रूप में देख रहा है, परंतु यह दोहरी भूमिका भारत के लिए दुविधा का विषय भी है। नई दिल्ली लंबे समय से यह सुनिश्चित करना चाहती है कि उसे दक्षिण एशिया के पारंपरिक 'भारत-पाकिस्तान' ढांचे में न बांधा जाए। गोर के लिए यह चुनौती होगी कि वे भारत की वैश्विक भूमिका को बनाए रखते हुए अपने क्षेत्रीय दायित्वों का निर्वाह करें।

उनकी सबसे कठिन परीक्षा आर्थिक मोर्चे पर होगी। ट्रंप प्रशासन की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत भारत पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ा दिया है। अमेरिका का दावा है कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क और रूस से तेल खरीद जैसी नीतियां चअसंतुलितज् हैं। इसके जवाब में भारत ने अपने हितों की रक्षा पर जोर दिया है। संभावित व्यापार समझौता महीनों से ठप पड़ा है। ऐसे में गोर को इस प्रक्रिया को पुनर्जीवित करना होगा, वह भी बिना किसी घरेलू राजनीतिक विवाद के।

प्रौद्योगिकी साझेदारी भी उनके एजेंडे का एक संवेदनशील बिंदु है। भारत रक्षा और नवाचार क्षेत्र में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण चाहता है, जबकि अमेरिका अपनी बौद्धिक संपदा और सुरक्षा चिंताओं को लेकर सतर्क है। सेमीकंडक्टर, एआइ और डाटा सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तो हैं, पर नीतिगत स्पष्टता की कमी दोनों पक्षों को सतर्क रखती है। गोर का कार्य यह साबित करना होगा कि वाशिंगटन की तकनीकी नीति चीन को लेकर है, भारत को लेकर नहीं। रक्षा सहयोग के क्षेत्र में गोर को एक सकारात्मक आधार मिला है।

दोनों देशों के बीच हुए कोमकासा और बीईसीए जैसे समझौते सामरिक साझेदारी के नए युग की नींव बन चुके हैं। फिर भी भारत अमेरिका से अधिक तकनीकी हस्तांतरण और स्थानीय उत्पादन चाहता है, जबकि वाशिंगटन रूस से भारत के सैन्य संबंधों पर दबाव डालता है। गोर को इस संतुलन को साधना होगा, ताकि भारत की रक्षा स्वायत्तता प्रभावित न हो और अमेरिका की रणनीतिक अपेक्षाएं भी पूरी हों।

दक्षिण एशिया के परिप्रेक्ष्य में चुनौती और गहरी है। ट्रंप के पाकिस्तान के प्रति हालिया रुझान-इस्लामाबाद के नेतृत्व से मुलाकात और उसके ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी निवेश के संकेत दिल्ली के लिए असहज हैं। भारत को यह आशंका है कि कहीं वाशिंगटन पुनः प्री-हाइफनेशन यानी भारत-पाकिस्तान समानांतर नीति की ओर न लौट जाए। गोर की दोहरी जिम्मेदारी-दिल्ली और इस्लामाबाद, दोनों से संपर्क इस चिंता को और गहरा करती है।

उन्हें भारत को यह विश्वास दिलाना होगा कि ट्रंप का पाकिस्तान प्रेम रणनीतिक गणित का हिस्सा है, न कि नीति परिवर्तन का। महत्वपूर्ण खनिजों पर गोर और मोदी के बीच चर्चा यह दिखाती है कि अमेरिका इस क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाना चाहता है। दोनों देश चीन पर निर्भरता कम करने और चफ्रेंड-शोरिंगज् के माध्यम से वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला बनाने के पक्षधर हैं, पर भारत की खनन नीतियां अभी भी जटिल हैं। यदि गोर यहां ठोस निवेश या संयुक्त परियोजनाएं आगे बढ़ा पाते हैं तो यह उनके कार्यकाल की एक उल्लेखनीय उपलब्धि होगी। आव्रजन नीति और एच-1बी वीजा व्यवस्था पर भी उन्हें सावधानी से चलना होगा। भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका की कड़ी वीजा नीति चिंता का विषय रही है। गोर को इन घरेलू राजनीतिक बाधाओं को समझाते हुए भी भरोसे का माहौल बनाना होगा। गोर के पास एक बड़ा लाभ यह है कि वे सीधे राष्ट्रपति तक पहुंच रखते हैं, पर यही उनकी सबसे बड़ी चुनौती भी है। यदि वे ट्रंप की व्यक्तिगत सद्भावना को ठोस नीतिगत परिणामों में बदलने में सफल रहते हैं तो न केवल संबंधों को पुनर्जीवित करेंगे, बल्कि उन्हें नई ऊंचाई भी देंगे। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत और अमेरिका का सहयोग अनिवार्य है।

# बिहार: 'वोट खरीद' की विद्रूपता के भरोसे एनडीए!

**सत्येन्द्र रंजन**



फिलहाल यही नजर आता है कि बिहार में 6 और 11 नवंबर को होने जा रहे मतदान एक सामान्य चुनाव का हिस्सा होंगे। इसमें कोई ऐसा नया तत्व नहीं है, जो मतदाताओं में नई आशाएं पैदा करे। प्रशांत किशोर नया तत्व जरूर हैं, मगर अरविंद केजरीवाल की यादें अभी इतनी ताजा हैं कि उनका नयापन कोई उम्मीद पैदा नहीं करता। तो कुल मिलाकर सूरत यह बनती है कि चुनावबाज दल, नेता, और मीडियाकर्मी (हर चुनाव की तरह) इस चुनाव को लेकर जितने उत्साहित नजर आते हैं, वैसे उत्साह की कोई वजह आम जन को शायद ही नजर आती होगी!

बिहार के सबसे नए राजनीतिक उद्यमी प्रशांत किशोर को इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सत्ताधारी एनडीए को सुशासन के दावे और भ्रष्टाचार के मुद्दे से वंचित कर दिया है। वरना, लालू-राबड़ी के कथित जंगल राज का हौव्वा खड़ा करना हर चुनाव में एनडीए की खास रणनीति रहती थी। ये दीगर बात है कि इस बार जंगल राज की याद दिलाने की सबसे ज्यादा कोशिश प्रशांत किशोर कर रहे हैं! किशोर ने एनडीए नेताओं सम्राट चौधरी, अशोक चौधरी, दिलीप जायसवाल आदि पर गंभीर इल्जामों की झड़ी लगा रखी है। इससे ना सिर्फ एनडीए को कठघरे में खड़ा दिखा है, बल्कि इस कारण सत्ताधारी गठबंधन की अंदरूनी दरारें भी सामने आई हैं। परिणाम यह हुआ है कि भाजपा- जनता दल (यू)- एलजेपी- हिंदुस्तानी आवाम पार्टी का गठबंधन अब पूरी तरह 'वोट खरीद' और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर निर्भर हो गया है।

सांप्रदायिक ध्रुवीकरण भाजपा की चुनावी रणनीति में मौजूद स्थायी तत्व है। पार्टी नेता कभी इसे पृष्ठभूमि में रखते हैं, तो कभी जरूरत के हिसाब से उसे उग्र रूप देते हैं। कई राज्यों में सिर्फ यही तत्व भाजपा को चुनाव जिताने में कारगर रहता आया है। मगर बिहार में अभी तक इसके निर्णायक होने का भरोसा शायद भाजपा नेतृत्व को नहीं है। इसीलिए नीतीश कुमार के मुखौटे की जरूरत उसे अभी भी है। नीतीश ढलान के दौर में हैं। बार-बार पाला बदलने से उनकी पुरानी छवि नष्ट हो चुकी है। सुशासन का नकाब उतर चुका है। उनकी सेहत को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हैं। फिर भी भाजपा उन्हें मुखौटा बनाए रखने पर मजबूर है, तो उसकी वजह अपनी ताकत पर पार्टी नेताओं का अविश्वास ही है। नीतीश कुमार ने जो गंवाया है, उसकी चुनावी भरपाई उन्होंने मुक्त हाथ से सरकारी पैसा बांट कर करने की कोशिश की है। लगभग डेढ़ करोड़ परिवारों में महिलाओं के खाते में दस हजार रुपये का ट्रांसफर, लाखों युवाओं को दो साल तक हर महीने एक हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन में भारी बढ़ोतरी, होमगार्ड्स के भत्तों में इजाफा, राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की नई किस्त आदि जैसी कई घोषणाएं हैं, जिन्हें सीधे तौर पर 'वोट खरीद' योजना की श्रेणी में रखा जा सकता है। भारत में अब इस योजना का आम चलन हैं। मगर नीतीश सरकार इसे एक नई ऊंचाई और नई विद्रुपता तक ले गई है।

चुनावों के संदर्भ में ऐसी योजनाएं कारगर रहती आई हैं। वैसे तो इनका चलन पहले भी था, लेकिन केंद्रीय सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार इसे जो नीतिगत रूप दिया, वह अभूतपूर्व है। मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने इसे 'कल्याण संबंधी नई सोच' कहा है। मतलब यह कि समाज एवं अर्थव्यवस्था के निर्माण की दीर्घकालीन योजनाओं में निवेश के बजाय पैसा सीधे लोगों के हाथ में दिया जाए। इससे लोगों को महसूस होता है कि सरकार/ सत्ताधारी नेता ने उनके लिए कुछ किया है। दीर्घकालीन योजनाओं का लाभ सीधे किसी को महसूस नहीं होता- इसलिए चुनावी लिहाज से वे ज्यादा फायदेमंद नहीं होतीं! भाजपा का आकलन है कि 2024 में लोकसभा चुनाव में हार के बाद महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनाव उसने ऐसी ही योजनाओं- खासकर लाड़ली बहन योजना- के जरिए पलट दिया। अब वही पैटर्न बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने अपनाया है। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक इस दांव का अच्छा असर हुआ है। क्या यह निर्णायक होगा, यह जानने के लिए हमें 14 नवंबर का इंतजार करना होगा, जिस रोज वोटों की गिनती होगी।

चुनाव नतीजों को तय करने में संभवतः एक फैक्टर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का भी होगा। किशोर ने अपना यह उद्यम लॉन्च करने के बाद से कुछ ऐसी ध्वनियां पैदा की हैं, जिनकी झंकार दूर तक गई है। हालांकि किशोर अपनी पार्टी की अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी से तुलना पसंद नहीं करते, मगर उनकी ध्वनियां और कार्यसूची काफी कुछ केजरीवाल से मेल खाती हैं। मीडिया इंटरव्यूज में किशोर ने कहा है कि आंदोलन और क्रांति में उनका भरोसा नहीं है, इसलिए अन्ना आंदोलन की कोख से निकली आम आदमी पार्टी से जन सुराज की तुलना नहीं की जानी चाहिए। मगर दो बातें इन प्रयोगों को एक जगह खड़ी करती है: आम आदमी पार्टी के आरंभिक दिनों में योगेंद्र यादव जैसे इसके सिद्धांतकार यह खुलेआम कहते थे कि इस नई पार्टी की कोई विचारधारा नहीं है- यह समाधान उन्मुख पार्टी है। पार्टी विचारधारा में बिना बंधे लोगों की समस्याओं का समाधान निकालना चाहती है। दिल्ली में दस वर्ष के शासनकाल में आम आदमी पार्टी ने बिजली, पानी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में लोक-लुभावन पहल को अपनी खास पहचान बनाने की कोशिश की।?

जन सुराज ने अपना मुख्य एजेंडा बिहार में स्कूली शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना और पलायन रोकना बताया है। पार्टी का दावा है कि यही बिहार की मुख्य समस्याएं हैं, जिसका समाधान वह पेश करेगी। जन सुराज भी किसी खास विचारधारा की बात नहीं करती। इस रूप में संभवतः वह भी खुद को समाधान उन्मुख पार्टी ही मानती है।?

जन सुराज के बैनरों पर महात्मा गांधी और भीम राव अंबेडकर की तस्वीरें नजर आती हैं। पंजाब में कामयाब होने से पहले तक आम आदमी पार्टी ने भी इन्हीं दो तस्वीरों का सहारा लिया था। पंजाब में उसने गांधीजी की जगह भगत सिंह की तस्वीर को दे दी।?

एक अन्य समानता केजरीवाल और प्रशांत किशोर की अपनी पृष्ठभूमियां हैं। दोनों सुविधा-संपन्न और पेशेवर समूह से आए हैं और दोनों के डिस्कोर्स मध्य वर्गीय रंग लिए रहे हैं।? अन्ना आंदोलन के जरिए केजरीवाल ने दिल्ली में अपनी सियासी जमीन तैयार की थी। प्रशांत किशोर ने बिहार में दो साल की पदयात्राओं के जरिए अपनी जमीन बनाने की कोशिश की है। केजरीवाल ने पुराने राजनीतिक दलों को एक जैसा (सब आपस में मिले हुए हैं) बता कर खुद पर दांव लगाने के लिए मतदाताओं को उत्प्रेरित किया था। इसमें वे सफल रहे। प्रशांत किशोर का भी सारा दांव इस आकलन पर है कि बिहार में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा लालू और नीतीश में से एक को चुनने की मजबूरी से तंग आ चुका है। अतः नया विकल्प सामने होगा, तो वे मतदाता उस पर दांव लगाएंगे। क्या ऐसा होगा? इस विधानसभा चुनाव के संपन्न होने तक यह सवाल महत्त्वपूर्ण बना रहेगा।?

फिलहाल यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जन सुराज पार्टी की उपस्थिति दर्ज होगी। किस हद तक- यह कहना अभी कठिन है। जन सुराज का दांव एनडीए और महागठबंधन- दोनों से वोट छीनने पर टिका है। इस सिलसिले में उसकी ध्वनियों का प्रभाव देखा गया है। मगर मतदान का निर्णय अंततः कई अन्य पहलुओं से तय होता है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से प्रभावित मतदाताओं का भाजपा के साये में खुद को 'सुरक्षित' महसूस करना इस वक्त ऐसा एक पहलू है। 'संविधान और सामाजिक सद्भाव बचाने' के लिए भाजपा को किसी कीमत पर हराना एक दूसरा पहलू है। बिहार में गुजरे तीन दशकों से लालू समर्थन और विरोध भी ऐसे पहलू रहे हैं। ऐसे सामाजिक वर्गों के मतदाता बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जो लालू राज के दौरान हुए अपने 'सशक्तीकरण' को याद रखे हुए हैं।

क्या प्रशांत किशोर की ध्वनियां इन तमाम पहलुओं को मात दे पाएंगी? या उन ध्वनियों का असर सीमित रहेगा, नतीजतन जन सुराज वोट कटवा अधिक भूमिका नहीं निभा पाएगी? वह सबसे ज्यादा किसके वोट काटेगी? क्या बिहार में बदलाव चाहने वाले मतदाताओं के एक हिस्से को आकर्षित कर यह सत्ताधारी गठबंधन की मददगार बनेगी? अथवा, नीतीश कुमार से ऊबे ऐसे मतदाताओं को यह अपनी ओर खींचेंगी, जो लालू यादव से नाराजगी के कारण महा-गठबंधन को वोट नहीं देते और इस रूप में यह महा-गठबंधन की सहायता करेगी?

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से: करवा चौथ के दिन बरसात, रिमझिम की चंद्र देखने की जिद (भाग 1)

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आज करवा चौथ का व्रत है। काम से लौटकर आज कवि दिनभर की थकान के बाद थोड़ा तरोताजा होने के उद्देश्य से शाम को छत पर गए।आज उनकी पत्नी रिमझिम ने भी व्रत रखा है। छत पर ठंडी-ठंडी हवा चलने की अनुभूति हुई। कवि का मन आनंद से भर उठा। तभी उन्होंने देखा, आसमान के एक कोने में फिर बरसने वाले बादल दिखाई दे रहे हैं। वे सोचने लगे, आज तो मुश्किल हो गई। अगर आज निर्धारित समय रात्रि आठ बजकर तेरह मिनट पर चंद्रमा दिखाई नहीं दिया तो बहुत बड़ी मुश्किल आने वाली है। वह जानते हैं कि उनकी पत्नी रिमझिम बिना चंद्रमा देखे करवाचौथ के अपने व्रत का समापन नहीं करेंगी। कवि ने प्रार्थना शुरु की:-

*'हे इंद्रदेव आज न बरसना*
*करवा चौथ के व्रत के दिन,*
*चंद्रदेव से तुम न झगड़ना।*
*भूखी रह जाएगी पत्नी जी,*
*इस बात को तुम समझना।*
*ठीक समय पर अंबर में,*
*आज तुम्हें है निकलना।''*

लेकिन कवि कुमार की इस काव्यात्मक पुकार को इंद्रदेव ने अनसुना कर दिया और बादल बरसने लगे। कवि कुमार कुछ देर इस आशा में छत पर जमे रहे कि बारिश अब थमेगी, लेकिन जैसे आज इंद्रदेव, चंद्रदेव से झगड़े पर उतारू थे। अंततः कवि कुमार नीचे आ गए। कवि ने नीचे आकर पत्नी जी को चंद्रदेव के नहीं दिखाई देने की संभावित स्थिति के लिए तैयार करना शुरू किया, लेकिन रिमझिम ने इसे अस्वीकार कर दिया। उन्होंने कवि से कहा:- 'अभी तो रात के सवा आठ बजने में आधा घंटा है। आप थोड़ा धैर्य क्यों नहीं रखते?'

(क्रमशः)

## शब्द सामर्थ्य -198


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 197 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू- दोकू क्र.198

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.197 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

'यूरोलॉजी जागरूकता दिवस पर संदेश'

# झिझक छोड़ो, जांच कराइए... सेहत से बड़ा कुछ नहीं!'

**आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग के यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका ने दी लोगों को जागरूक रहने की सलाह**



**डॉ. नवीन राम दारुका**

दुर्ग (दावा)। अक्सर लोग मूत्र या गुर्दे से जुड़ी परेशानियों को लेकर बात करने में झिझकते हैं। कई बार पेशाब में जलन, बार-बार पेशाब आना या पीठ में दर्द जैसी समस्याओं को नज़रअंदाज़ कर देते हैं। लेकिन यही लापरवाही आगे चलकर गंभीर बीमारी का रूप ले सकती है। यूरोलॉजी जागरूकता दिवस के अवसर पर आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ.नवीन राम दारुका ने लोगों से समय पर जांच और सही डॉक्टर से इलाज कराने की अपील की।

डॉ. दारुका ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनियमित खानपान के कारण किडनी स्टोन, प्रोस्टेट और मूत्र संक्रमण जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा, ÷यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारी शर्म की नहीं, समझदारी की बात है। अगर लक्षण नजर आएं तो तुरंत जांच कराएं, क्योंकि समय पर इलाज से बड़ी से बड़ी समस्या को भी रोका जा सकता है।'

उन्होंने यह भी बताया कि आजकल कई लोग बिना उचित विशेषज्ञता के खुद को यूरोलॉजी एक्सपर्ट बताने लगे हैं, जिससे मरीजों को सही इलाज नहीं मिल पाता। डॉ. दारुका ने कहा कि असली यूरोलॉजिस्ट वही होता है जिसके पास MBBS के बाद MS (General Surgery) और फिर MCh या DNB (Urology) की डिग्री होती है।

डॉ. दारुका ने कहा, 'मूत्र या किडनी से जुड़ी किसी भी समस्या को नजरअंदाज़ न करें। शर्म नहीं, जागरूकता आपकी सेहत की सबसे बड़ी सुरक्षा है।'

उन्होंने बताया कि आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में अत्याधुनिक तकनीक से यूरोलॉजी संबंधी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। यहां किडनी, मूत्राशय और प्रोस्टेट से जुड़ी जटिल समस्याओं के लिए अनुभवी विशेषज्ञों की टीम कार्यरत है। कार्यक्रम का उद्देश्य था लोगों में यूरोलॉजिकल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यह संदेश देना कि 'सही डॉक्टर का चयन ही सही इलाज की शुरुआत है।'

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। पुराने अटके काम पूरे होंगे और किसी दोस्त या रिश्तेदार से सहयोग मिलेगा। नौकरी या बिज़नेस में नई योजना शुरू कर सकते हैं। किसी से अनबन चली आ रही थी तो सुलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा लेकिन ज्यादा सोच-विचार से बचें। शाम का समय परिवार के साथ अच्छा बीतेगा।



**वृष राशि**

आज मेहनत का फल मिलेगा। कामकाज में स्थिरता आएगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी जरूरी काम में परिवार या जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद साबित होगी। यात्रा से लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर थोड़ा ध्यान रखें, खासकर खानपान में लापरवाही न करें।



**मिथुन**

आज आप अपने काम में व्यस्त रहेंगे लेकिन मेहनत का पूरा परिणाम मिलेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात मन खुश कर देगी। नौकरी में पदोन्नति या प्रशंसा के योग हैं। व्यापारियों के लिए समय लाभकारी रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। किसी नए संपर्क से भविष्य में फायदा मिल सकता है।



**कर्क**

परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। मन की कोई पुरानी चिंता खत्म हो सकती है। नौकरी या व्यापार में कुछ नया करने की सोच बन सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना जरूरी है। स्वास्थ्य को लेकर छोटी-मोटी दिक्कत हो सकती है, ध्यान रखें।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए सफलता लेकर आ सकता है। काम में सकारात्मक बदलाव होंगे और आपकी मेहनत की सराहना होगी। परिवार में कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आत्मविश्वास बना रहेगा। धन से जुड़ा कोई फायदा हो सकता है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें।



**कन्या**

आज दिन सामान्य रहेगा लेकिन काम में निरंतरता बनी रहेगी। किसी से बहस या गलतफहमी से बचें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे सुधरेगी। नया निवेश सोच-समझकर करें। पुरानी मेहनत अब रंग ला सकती है।



**तुला**

आज दिन की शुरुआत थोड़ी धीमी हो सकती है लेकिन शाम तक हालात आपके पक्ष में रहेंगे। किसी पुराने विवाद का हल निकल सकता है। खर्च बढ़ेगा लेकिन साथ ही आय के नए साधन भी खुल सकते हैं। ऑफिस में मेहनत का फल मिलेगा। सेहत ठीक रहेगी लेकिन तनाव से दूर रहें।



**वृश्चिक**

मन में नई ऊर्जा और जोश रहेगा। पुराने रुके हुए पैसे मिल सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आगे चलकर लाभदायक रहेगी। परिवार का पूरा साथ मिलेगा। काम में मन लगेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं, जो शुभ परिणाम देंगे।



**धनु**

रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। पार्टनर या परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। काम में स्थिरता आएगी और कोई रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा जो आगे चलकर फायदेमंद रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन आराम जरूर करें।



**मकर**

कामकाज में प्रगति के योग हैं। आज किसी नए प्रोजेक्ट या अवसर की शुरुआत हो सकती है। भाग्य आपका साथ देगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। सेहत के मामलें में लापरवाही न करें। ध्यान और मेडिटेशन से मन शांत रहेगा।



**कुंभ**

आज भाग्य पूरी तरह आपका साथ देगा। कोई पुराना अधूरा काम पूरा हो सकता है। यात्राओं से फायदा मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। छात्रों के लिए समय अनुकूल रहेगा। सेहत में सुधार होगा। मीन राशि- भावनाओं में बहने से बचें। कोई महत्वपूर्ण फैसला सोच-समझकर लें।



**मीन**

भावनाओं में बहने से बचें। कोई महत्वपूर्ण फैसला सोच-समझकर लें। परिवार में किसी बड़े सदस्य की सलाह काम आ सकती है। नौकरी या बिजनेस में थोड़ा दबाव महसूस होगा लेकिन हिम्मत न हारें। दिन के अंत में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। सेहत सामान्य रहेगी।

## बाल गीत

# सबसे बड़ा, ऊपर खड़ा

ना मैं बड़ा, ना तू बड़ा
सबसे बड़ा, उपर खड़ा
फिर भी तू इतना अड़ा
उससे लड़ा, मुझसे लड़ा
तुम काहे लफड़ा में पड़ा
सब अच्छा और सुख में खड़ा
मुसीबत पड़ा तेरे साथ कोई ना खड़ा
किसी ने कहा बम
समझ और समय का अहं
न बम बुरा न खुबसूरत
सब समझ और अहं में अड़ा
कोई छोटा ना कोई बड़ा
सब अहं में अड़ा राम कहता है
व्यक्ति बड़ा ना पद बड़ा
बड़ा है तो तेरा व्यक्तिव बड़ा
काहे तू अपने में अड़ा
भाई मेरे जरूरत पड़ा तो
तूम लफड़े में भी पड़ा
लेकिन
सबसे बड़ा ऊपर खड़ा।



**रामलाल साहू, प्रधान पाठक**
**प्राथमिक शाला कट्टाहा**
**नवागांव, खैरागढ़**

# 3100 रुपये में धान खरीदी से किसानों को होगा प्रति एकड़ 3906 रुपये का नुकसान - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि किसानों की मेहनत का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाए और धान खरीदी 1 नवंबर से आरंभ की जाए। विष्णु लोधी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में धान के समर्थन मूल्य में मात्र 186 रुपये की वृद्धि हुई है। वर्तमान बाजार परिस्थिति और बढ़ी हुई लागत को देखते हुए इस वर्ष धान खरीदी 3286 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होनी चाहिए। लेकिन सरकार द्वारा घोषित 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर किसानों के साथ अन्याय है।

विष्णु लोधी ने कहा कि सरकार 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी करेगी। ऐसे में प्रति क्विंटल 186 रुपये का नुकसान किसानों को होगा। यह नुकसान प्रति एकड़ 3906 रुपये तक पहुंचता है। राज्यभर में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी पर इसका कुल असर लगभग 2900 करोड़ रुपये का होगा। यह किसानों की मेहनत पर कुठाराघात है।

**धान खरीदी 1 नवंबर से शुरू कर 3286 रुपये प्रति क्विं.के हिसाब से किए जाने की मांग कर सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरा**



### पंजीयन में अव्यवस्था और किसानों की उपेक्षा

विष्णु लोधी ने बताया कि सरकार के अनुसार अब तक 21 लाख किसानों का ही पंजीयन हुआ है, जबकि पिछले वर्ष 28 लाख किसानों ने धान बेचा था। अर्थात 7 लाख से अधिक किसान अभी भी वंचित हैं। एग्री-स्टेक पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों के कारण पंजीयन अधूरा है। उन्होंने सुझाव दिया कि जिन किसानों का पोर्टल पर पंजीयन नहीं हो पा रहा, उनका पंजीयन सीधे सोसायटी स्तर पर किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार यदि केवल 25 लाख किसानों से ही धान खरीदेगी तो स्पष्ट है कि उसकी नीयत सबको न्याय देने की नहीं है।

विष्णु लोधी ने कहा कि प्रदेश में नकली कफ सिरप और दवाइयां खुलेआम बिक रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही चरम पर है। दवाओं में केमिकल जांचने वाली मशीन पिछले दो माह से बंद पड़ी है। ऐसे में स्वास्थ्य मंत्री यह कैसे दावा कर सकते हैं कि नकली सिरप नहीं बिक रहा। उन्होंने चेताया कि यह लापरवाही किसी बड़े जन-स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकती है।

### बिजली कटौती और मंहगी बिजली से जनता त्रस्त

विष्णु लोधी ने कहा कि राज्य में बिजली की दरें आज तक के सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। बिजली बिल हाफ योजना बंद कर देने से जनता पर आर्थिक बोझ दोगुना हो गया है।इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर 8-9 घंटे तक बिजली कटौती जारी है। उन्होंने कहा सरकार की नाकामी, लापरवाही और मुनाफाखोरी ने आम जनता को अंधेरे में धकेल दिया है। किसानों से लेकर छोटे व्यापारियों तक सब परेशान हैं।

विष्णु लोधी ने कहा मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि, किसानों की मेहनत का सम्मान करें। धान खरीदी का समर्थन मूल्य 3286 रुपये प्रति क्विंटल तय किया जाए और खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ हो। यही प्रदेश के अन्नदाताओं के साथ न्याय होगा।

# आरएसएस शताब्दी वर्ष : बांधाबाजार में उत्साह और अनुशासन के साथ हुआ विजयदशमी शपथ संचलन

बांधाबाजार (दावा)। संघ शताब्दी वर्ष पर ग्राम बांधाबाजार में विजयदशमी शपथ संचलन का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, संस्कार और एकता की भावना को सशक्त करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जितेंद्र शर्मा ने उपस्थित स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'विजयदशमी केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्म-सुधार और समाज कल्याण का संदेश देने वाला दिवस है।' उन्होंने संत परंपरा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।



इस अवसर पर विशेष रूप से उमेंद्र देवांगन, चिंताराम नायक, रूपेंद्र सिन्हा, मनहरण लाल पिथौरा, सतीश खंडेलवाल, लेकेश्वर ठाकुर, नीलकंठ कोमरे सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संगठन, सेवा और समाज समरसता की भावना के प्रति निष्ठा की शपथ ली। शपथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन और एकरूपता का सुंदर प्रदर्शन करते हुए ग्राम का भ्रमण किया। ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बाल स्वयंसेवकों द्वारा देशभक्ति गीत, सुभाषित और अमृत वचन प्रस्तुतियां दी गई। जिससे वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो उठा। कार्यक्रम का संचालन भुनेश्वर सेन द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन मनहरण लाल पिथौरा ने दिया। अंत में राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों ने ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाकर सेवा और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। यह आयोजन संत शताब्दी वर्ष के संदेश-'सेवा, संस्कार और संगठन ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं'- को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा।

## पहला कॉलम...

### पोषक आहार संबंधी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु ध्यान प्राणायाम सेशन



डोंगरगढ़ (दावा)। रजत जयंती महोत्सव 2025 एवं पोषण माह अंतर्गत आज शासकीय होम्योपैथी औषधालय एवं आयुष स्पेशलाइज्ड थेरेपी सेंटर डोंगरगढ़ द्वारा अंबेडकर विद्यालय डोंगरगढ़ में पोषक आहार संबंधी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु ध्यान प्राणायाम सेशन गतिविधि का आयोजन किया गया।

### आंध्रा समाज ने मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के पक्ष में पूर्ण समर्थन करने का निर्णय लिया

**मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति और आदिवासी समाज में पूजा पद्धति को लेकर विवाद गहराया**



डोंगरगढ़(दावा)। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति और आदिवासी समाज के मध्य चल रहे पूजा विवाद का समर्थन मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के पक्ष में आंध्र समाज द्वारा किया गया। रविवार को डोंगरगढ़ आंध्र समाज के द्वारा राम मंदिर में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मंदिर ट्रस्ट द्वारा उठाए गए विषयों पर गंभीरता से विचार कर सभी पदाधिकारी की उपस्थिति में आंध्र समाज के द्वारा निर्णय लेते हुए मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के पक्ष में पूर्ण समर्थन करने का निर्णय लिया गया।

### विश्व बालिका दिवस पर कोकपुर में स्वास्थ्य शिविर संपन्न



डोंगरगांव (दावा)। विश्व बालिका दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कोकपुर हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में किया गया। इस शिविर में स्कूली छात्रों का स्वास्थ्य विभागीय टीम द्वारा रक्त परीक्षण कर हीमोग्लोबिन स्तर परीक्षण, चिकित्सकीय स्वास्थ्य परीक्षण, बालिकाओं की किशोरावस्था समस्याओं के नैदानिक उपायों की जानकारी दिया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आसरा व कोकपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के अधिकारी कर्मचारियों के साथ डोंगरगांव ब्लाक के स्वास्थ्य विभाग के विभागीय मैदानी अमले के कर्मचारियों सहित मितानिनों की उपस्थिति रही।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति चुन्नी यदु ने सभी कर्मचारी मितानिनों बालिकाओं को स्वास्थ्य जागरूकता के साथ शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ.रागिनी चंद्र विकासखंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. नेहा नेताम चिकित्सा अधिकारी, भूमिजा तिवारी, आशीष राव ए.एम.ओ., वीरेंद्र गौतम एम.एल.टी., ऋतुराज ध्रुव फार्मासिस्ट अनिल बोरकर पर्यवेक्षक सहित बड़ी संख्या में मितानिन तथा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य के.आर. सोरी प्रधानपाठक मनोज ठाकुर के साथ स्कूल के शिक्षक/शिक्षिका व ग्राम पंचायत पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# करवाचौथ की रात सेंधमारी : रिश्ते की बहन ने प्रेमी संग मिलकर की चोरी, ठेलकाडीह पुलिस ने 24 घंटे में दबोचा

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले की ठेलकाडीह पुलिस ने चोरी के एक सनसनीखेज मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में से एक महिला है। जिसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर करवाचौथ के उपवास की रात रिश्तेदार के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।



### करवाचौथ की रात हुई घटना

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया माही जंघेल पति लाकेश्वर जंघेल 29 वर्ष निवासी ग्राम भरदाखुर्द थाना ठेलकाडीह ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थीया ने बताया कि शुक्रवार 10 अक्टूबर को सुबह करीब 10 बजे वह और उनकी रिश्ते की बहन सुरेखा वर्मा दोनों ने अपने घर में करवाचौथ का उपवास रखा था। रात में पूजा करने के बाद दोनों एक ही कमरे में सोई थी। रात करीब 2 बजे प्रार्थीया के पति लाकेश्वर जंघेल जब पानी पीने उठे तो उन्होंने देखा कि घर का दरवाजा बाहर से बंद था और सुरेखा वर्मा कमरे से गायब थी।

जांच करने पर पता चला कि घर के पूजा कमरे में रखी पेटी के अंदर रखे पर्स से चांदी के जेवर और नकदी सहित रेडमी कंपनी का एक मोबाइल फोन चोरी हो गया था। चोरी गए माल की कुल कीमत करीब 21,000 रूपए बताई गई है। जिसमें चांदी के पायल (2 नग), चांदी का बिछिया (7 नग), चांदी की अंगूठी (2 नग), चांदी का चंदा (1 नग), चांदी का ताबीज (1 नग), चांदी की राखी (1 नग) तथा 3,000 रूपए की नगदी रकम शामिल थी। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर ठेलकाडीह पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए ठेलकाडीह पुलिस ने तत्काल माल और आरोपियों की पतासाजी शुरू की। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपीया सुरेखा वर्मा अपने प्रेमी के साथ खैरागढ़ में घूमती हुई दिखाई दी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपीया सुरेखा वर्मा और उसके प्रेमी कमल नारायण वर्मा (निवासी पचपेड़ी) को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर चोरी किए गए चांदी के जेवरात, नगदी 1,000 रूपए मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल क्रं सीजी-08/ई 7716 को बरामद कर लिया।

### न्यायिक रिमांड पर भेजे गए

पुलिस ने आरोपी सुरेखा वर्मा पति इलेन्द्र वर्मा 26 वर्ष निवासी भरदाखुर्द और कमल नारायण वर्मा पिता स्व. खोरबहरा वर्मा 35 वर्ष निवासी पचपेड़ी को रविवार 12 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को रविवार को ही न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। ठेलकाडीह पुलिस की इस त्वरित और सफल कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# ग्रामों में विकास कार्यो के लिए 10 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 10 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम महरूम खुर्द में राशन दुकान (पीडीएस) भवन में टिन शेड निर्माण कार्य हेतु 80 हजार रूपए एवं घुनहिन मंच में टाईल्स व ग्रील निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 20 हजार रूपए तथा ग्राम गोपालपुर में पानी टेंकर के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम आसरा में तालाब के पास चबूतरा निर्माण का ग्रील कार्य हेतु 2 लाख रूपए, ग्राम दर्राबांधा के साहू पारा सामुदायिक भवन में टाईल्स कार्य हेतु 1 लाख रूपए, ग्राम दर्राबांधा में आदिवासी पारा सामुदायिक भवन में टाईल्स कार्य हेतु 1 लाख रूपए, ग्राम आरगांव में स्कूल गेट से बैगा चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम खपरीकला में आम्बेडकर चौक में शेड निर्माण कार्य हेतु 50 हजार रूपए, ग्राम झिटिया में आम्बेडकर चबूतरा में छत निर्माण हेतु 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# खेल मानव जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य का अहम हिस्सा : भोलाराम साहू

जोंधरा (दावा)। ग्राम गिधवा भंवर विकासखंड छुरिया में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह शुक्रवार 10 अक्टूबर को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायक माननीय भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने खिलाड़ियों व आयोजकों का उत्साह बढ़ाया। विधायक श्री साहू ने अपने उद्बोधन में आयोजन समिति के सदस्यों, क्षेत्र से आए हुए प्रतिभागियों और समस्त ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल को मानव जीवन के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक अहम हिस्सा बताया, जिस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने क्रिकेट प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि किसी भी टूर्नामेंट में खेलने का अवसर प्राप्त करना भी अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ खेलने की सलाह दी और कहा कि पराजय से निराश होने के बजाय उससे सीख लेनी चाहिए।




**विधायक भोलाराम साहू ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन**

इस अवसर पर विधायक श्री साहू के साथ राजू सिन्हा (कार्यकारिणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, छुरिया), प्रताप धावड़े (पूर्व सरपंच), ओमप्रकाश निषाद, सहदेव राम साहू, प्रमोद कुमार साहू, हेमंत कुमार साहू, दयाराम सलामे, भूषण लाल सलामे, रोहित मण्डावी, धन्नू साहू, उमेंद्र चंद्रवंशी, रामस्वरूप पुजारी, गुलाब दास साहू और हीरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# कमला कॉलेज में समाजशास्त्र परिषद् का गठन, चंचल सोनवानी बनीं अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में विगत दिनों समाजशास्त्र परिषद् का गठन किया गया। परिषद् में एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. चंचल सोनवानी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, कु. पुनम साहू (एमए प्रथम सेमेस्टर) उपाध्यक्ष, कु. निशा (एमए तृतीय सेमेस्टर) सचिव, कु. आरती (एमए प्रथम सेमेस्टर) सहसचिव, कु. उमेश्वरी एवं कु. संजना महतो को क्रमशः सांस्कृतिक सचिव एवं साहित्यिक सचिव नियुक्त किया गया।



कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कु. इन्द्राणी वर्मा, ललिता वर्मा, रवीना दवांगन (सभी एमए तृतीय सेमेस्टर) तथा पारबती और प्रीति साहू (दोनों एमणएण् प्रथम सेमेस्टर) का चयन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने छात्राओं को समाजशास्त्र विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए मानवीय मूल्यों एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम एवं समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ. उपा सोनवानी ने परिषद् के गठन पर छात्राओं को बधाई दी। डॉ. सोनवानी ने कहा कि समाजशास्त्र विषय के माध्यम से छात्राएं समाज की विविध परंपराओं, मूल्यों एवं सांस्कृतिक पहलुओं को समझ सकेंगी।इस आयोजन में गृहविज्ञान विभाग की डॉ. अर्चना खरे एवं अर्थशास्त्र विभाग के योगेन्द्र कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। परिषद् पदाधिकारियों का परिचय एवं स्वागत समारोह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा कु. शारदा साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जनभागीदारी व्याख्याता कु. गीता साहू ने किया। कार्यक्रम में एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शिवपुरी में किया बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन



डोंगरगढ़(दावा)। विधानसभा क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सोमवार को ग्राम पंचायत शिवपुरी में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत शिवपुरी में लगने वाले बाजार में शेड निर्माण के लिए भूमिपूजन के संबंध में आयोजित किया गया था। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ बाजार में बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में शेड का निर्माण हो जाने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। खासकर गर्मी और बरसात के मौसम में बाजार आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी और उनका व्यापार सुचारू रूप से चल सकेगा। भूमिपूजन के इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक के इस पहल की सराहना की। विधायक बघेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं और आगे भी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कार्य करती रहेंगी।

# राज्यपाल के गोद ग्राम से शैक्षणिक भ्रमण हेतु पहुंचे बच्चों को कुलपति ने संगीत की शिक्षा लेने किया प्रेरित



खैरागढ़ (दावा)। राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी के प्राथमिक शाला के बच्चें सोमवार को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ शैक्षणिक भ्रमण करने पहुंचे। इस दौरान कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने बच्चों को संगीत की शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया।

नन्हें बच्चों ने कुलपति को राज्यगीत सहित जस-पचरा गाकर सुनाया। कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने सभी बच्चों को अपनी रुचि अनुसार संगीत, नृत्य, वादन एवं विभिन्न कलाओं की शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया और मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इसी तरह शनिवार को बेमेतरा जिले के ग्राम भटगांव से विश्वविद्यालय का भ्रमण करने पहुंची कक्षा 12वीं की छात्राओं को भी कुलपति प्रो (डॉ.) लवली शर्मा ने संगीत शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें संगीत एवं कला की शिक्षा लेने हेतु प्रेरित किया। छात्राओं ने भी संगीत एवं कला की शिक्षा लेने1 हेतु अपनी इच्छा जाहिर की और विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर पढ़ाई करने की बात कही। भारतीय संस्कृति एवं संगीत-कला को आगे बढ़ाने कुलपति प्रो (डॉ.)लवली शर्मा निरंतर प्रयासरत है। अधिक से अधिक बच्चें इसकी शिक्षा ले सके इसके लिए लगातार स्कूली बच्चों को प्रेरित कर रही हैं।

# गर्भगृह में जबरन प्रवेश कर पूजा अर्चना करने वालों की निंदा, प्रशासनिक कार्रवाई की मांग



डोंगरगढ़(दावा)। क्वांर नवरात्रि के पंचमी तिथि को आदिवासी समाज के द्वारा पंचमी भेंट में कुछ लोगों द्वारा गर्भगृह में जबरन प्रवेश कर पूजा अर्चना किया गया। जबकि मंदिर के नियमानुसार गर्भगृह में प्रवेश पूर्ण रुप से वर्जित है। इसके पश्चात ऊपर मंदिर में पशु बलि के प्रयास की भी जानकारी मिली है। इन सभी अनाधिकृत कार्यों से सनातन हिन्दुओं के धार्मिक आस्था व भावनाओं को ठेस पहुंची है। हम मारवाडी गौड़ ब्राम्हण समाज ऐसे कृत्य करने वालों की कड़ी निन्दा करते है तथा प्रशासन से तत्काल उचित कानूनी कार्यवाही किये जाने का अनुरोध करते है।

### घटना के विरोध में 16 अक्टुबर को रैली

सर्व हिन्दू समाज के कर्मठ कार्यकर्ता बंधुओं से निवेदन किया गया है कि दिनांक 16/10/20 दिन गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ को उपरोक्त संबंध में ज्ञापन सौपा जावेगा। अतः अधिक से अधिक संख्या में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में उपस्थित होने की अपील की है।

# पहला कॉलम...

## चीन से अमेरिका जाने वाले सामानों के निर्यात में 27 प्रतिशत की भारी गिरावट

नई दिल्ली। चीन का अमेरिका को निर्यात सितंबर में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत कम हो गया, जबकि इसका वैश्विक निर्यात बढ़कर 6 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गया। कस्टम ड्यूटी द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन का वैश्विक निर्यात सालाना अधार पर 8.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो अर्थशास्त्रियों के अनुमान से काफी ज्यादा है। ये अगस्त में हुई 4.4 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी से भी काफी बेहतर है। आयात में पिछले महीने 7.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि अगस्त में चीन के आयात में 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। हालांकि, कमजोर घरेलू अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी के कारण मांग एवं उपभोग पर दबाव बना हुआ है। चीन का अमेरिका को निर्यात लगातार 6 महीनों से घट रहा है। अगस्त में इसमें 33 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ समझौता टूटने और दोनों देशों द्वारा नए टैरिफ और अन्य जवाबी उपायों के कारण इनके भविष्य को लेकर लगातार असमंजस बना हुआ है। दक्षिण-पूर्व एशिया को किए जाने वाले निर्यात में सितंबर में सालाना आधार पर 15.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लैटिन अमेरिका और अफ्रीका को निर्यात क्रमशः 15 प्रतिशत और 56 प्रतिशत बढ़ा है।

## लियोनेल मेसी का भारत दौरा हो सकता है रद्द

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के मशहूर फुटबॉलर लियोनेल मेसी आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. केवल अर्जेंटीना ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम हिस्सों में इस खिलाड़ी का सिक्का चलता है. दुनिया में करोड़ों प्रशंसक आज लियोनेल मेसी का दीदार करने को बेकरार रहते हैं. मेसी साल 2025 के अंत में भारत का दौरा करने वाले हैं. इससे भारत में मौजूद उनके फैंस के प्रति उत्साह बढ़ चुका है. हालांकि अर्जेंटीना से आई एक रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया है. लियोनल मेसी का भारत दौरा अब संदेह के घेरे में आता दिख रहा है. लियोनल मेसी नवंबर में भारत का दौरा करने वाले हैं. हालांकि इस दौरे में अड़चन आ सकती है, क्योंकि अर्जेंटीना के खेल प्रसारक टीवायसी स्पोर्ट्स की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, लियोनेल स्कोलोनी की विश्व चैंपियन टीम अपने नवंबर के दौरे के कार्यक्रम में बदलाव कर सकती है.इस रिपोर्ट के अनुसार नवंबर में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के निर्धारित दौरे में बदलाव हो सकता है. पहला मैच अफ्रीकी देश अंगोला के खिलाफ होगा, और दूसरा मैच, जो पहले भारत में आयोजित किया गया था, उसे भी अफ्रीका स्थानांतरित किया जा सकता है, जिसमें मोरक्को एक संभावित प्रतिद्वंद्वी हो सकता है.

## भीषण विमान हादसे में 2 की मौत

नई दिल्ली । टेक्सास में हिक्स एयरफील्ड के पास एक विमान हादसा हुआ है, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है और कई ट्रक जलकर राख हो गए. बताया जा रहा है कि एक छोटा विमान अपने सफर पर था, अचानक वह नीचे ट्रकों के ऊपर गिर गया और गिरते हुए उसमें आग लग गई. आग ने ट्रकों को भी अपनी चपेट में ले लिया. वहीं आग में जलकर प्लेन में सवार दोनों लोग मारे गए. हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए ग्न और ह्ज्ञस्क ने जांच शुरू कर दी है. बता दें कि टेक्सास में टैरंट काउंटी के फोर्ट वर्थ में हिक्स एयरफील्ड के पास रविवार दोपहर को हुए विमान हादसे के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें विमान को गिरते हुए और आग भड़कते हुए देख सकते हैं. एक वीडियो में काले धुएं का गुबार देखा जा सकता है. लोगों ने हादसे के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाले.

## पीएम और जयशंकर से कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने की मुलाकात

नई दिल्ली। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद इस समय भारत दौरे पर हैं। उनका यह भारत दौरा दो दिवसीय है। 2023 के बाद किसी भी कनाडाई मंत्री का यह पहला भारत दौरा है। आज उन्होंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ मीटिंग की। दोनों के बीच भारत-कनाडा की पार्टनरशिप को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी मुद्दों को पुनर्स्थापित और पुनर्जीवित करने हेतु रचनात्मक चर्चा हुई। इस दौरान दोनों ने वैश्विक घटनाक्रमों और साझा चुनौतियों पर भी बातचीत की। दोनों देशों के विदेश मंत्री एक महत्वाकांक्षी सहयोग रोडमैप पर भी सहमत हुए। इस बातचीत के दौरान जयशंकर और अनीता ने दोनों देशों के सहयोग के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया का नेतृत्व करने पर सहमति जताई जिससे भारत-कनाडा के नेताओं की अपेक्षाओं और दोनों देशों के लोगों के हितों का ध्यान रखा जा सके। आज दिल्ली में अनीता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। जून में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की मुलाकात के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों को मज़बूत किया जा रहा है। इसके साथ ही दोनों देश कानून प्रवर्तन और सुरक्षा संवाद को बनाए रखते हुए अपने आर्थिक संबंधों का भी विस्तार कर रहे हैं। पीएम मोदी और अनीता के बीच भारत-कनाडा के पारस्परिक विकास और समृद्धि के लिए व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, कृषि और लोगों के बीच आदान-प्रदान में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की गई।

# ट्रियोन-काप के बाद डि क्लेक की दमदार पारी से जीता दक्षिण अफ्रीका, तीसरे स्थान पर पहुंचा



विशाखापत्तनम। क्लोए ट्रियोन और मारिजाने काप की अर्धशतकीय पारी के बाद नादिने डि क्रलेक की शानदार पारी से दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप के मुकाबले में बांग्लादेश को तीन विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में छह विकेट पर 232 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने तीन गेंदें शेष रहते सात विकेट पर 235 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। दक्षिण अफ्रीका की टीम इसके साथ ही अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है, जबकि भारतीय टीम चौथे नंबर पर खिसक गई है।

### काप और ट्रियोन ने दक्षिण अफ्रीका को संभाला

बांग्लादेश के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांच विकेट 78 रन पर ही गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका की टीम मुश्किल स्थिति में नजर आ रही थी और लग रहा था कि बांग्लादेश इस मैच में उलटफेर कर देगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिहाज से इस मैच में जीत दर्ज काफी जरूरी थी। लगातार झटके लगने के बाद काप और ट्रियोन ने दक्षिण अफ्रीका की पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 85 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। काप और ट्रियोन के आउट होने के बाद डि क्लेक ने एक बार फिर टीम को आखिरी में संभाला और दमदार पारी खेलते हुए जीत दिलाई। बांग्लादेश की चार मैचों में यह तीसरी हार है। दक्षिण अफ्रीका के लिए ट्रियोन ने 69 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाए, जबकि काप 71 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुईं। अंत में डि क्लेक ने 29 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के सहारे नाबाद 37 रन बनाए। कप्तान लौरा वोलवार्ट 31, एनेके बोश 28, सिनालो जाफ्ता ने 5 और एनेरी डर्कसेन 2 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, मसाबाता क्लास 10 रन बनाकर नाबाद लौटीं।

बांग्लादेश की ओर से नाहिदा अख्तर ने दो विकेट झटके, जबकि राबेया खान, फाहिमा खातून और ऋतु मोनी को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बांग्लादेश के लिए महिला क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाली बल्लेबाज बनीं शोरना अख्तर के आखिरी ओवरों में आतिशी प्रदर्शन से उनकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। एक समय लग रहा था कि बांग्लादेश टीम 200 रन तक भी नहीं पहुंच सकेगी, लेकिन शोरना ने आखिरी पांच ओवरों में तस्वीर बदल दी।

# शैनन ने नाटकीय अंदाज में जीता महिला इंडियन ओपन खिताब

गुरुग्राम। अंतिम दिन की शुरुआत में सात शॉट से पिछड़ने के बाद, सिंगापुर की शैनन टैन ने दिन का सर्वश्रेष्ठ कार्ड दिखाते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 का शानदार अंत किया।



शैनन ने चौथे राउंड में 67 का स्कोर बनाया और कुल 7-अंडर 281 का स्कोर बनाया, जबकि एलिस हेवसन ने 72वें होल पर एक विनाशकारी डबल बोगी की और एक आगे से एक पीछे हो गईं और इंडियन ओपन की एक विज्ञप्ति के अनुसार, डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित 500,000 डॉलर के इस आयोजन में दूसरे स्थान पर रहीं। इस प्रक्रिया में, शैनन हीरो महिला इंडियन ओपन जीतने वाली पहली सिंगापुरी बन गईं, जबकि हेवसन ने तीन शुरुआत में शीर्ष 12 में अपना तीसरा स्थान हासिल किया। एचडब्ल्यूआईओ में इस जीत के साथ टैन इस सीज़न के एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट में भी शीर्ष पर पहुँच गईं।

शीर्ष-5 में तीन खिलाड़ियों के साथ, यह एचडब्ल्यूआईओ के इतिहास में भारतीय दल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। भारत की सबसे बड़ी उम्मीद, हिताशी बख्शी ने दिन की शुरुआत 9 अंडर के स्कोर से की और मैदान से तीन अंक आगे रहीं।

# रवींद्र जडेजा ने तोड़ा हरभजन सिंह का महारिकॉर्ड, कुंबले के क्लब में मारी एंट्री

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच रवींद्र जडेजा ने शानदार गेंदबाजी की. हालांकि, उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला. लेकिन गेंदबाजी में उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. जड्डू ने हरभजन सिंह का बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. उन्होंने अब अनिल कुंबले और आर अश्वि के क्लब में एंट्री मार ली है. जड्डू ने इस मैच की दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी की.



जडेजा अब इंटरनेशनल क्रिकेट में घरेलू मैदान पर भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने हरभजन सिंह को पछाड़ा, जिन्होंने 376 विकेट चटकाए थे. लेकिन अब जड्डू 377 विकेट के साथ तीसरे गेंदबाज बन गए हैं.

इस लिस्ट में पहला नाम अनिल कुंबले का आता है, जिन्होंने 476 विकेट झटके हैं. वहीं आर अश्विन 475 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं. जडेजा ने वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल को अपना शिकार बनाकर ये उपलब्धि हासिल की, जिन्होंने इस मैच में 115 रनों की पारी खेली. जडेजा ने खतरनाक दिख रहे कैंपबेल को पवेलियन लौटाया.

पहली पारी में रवींद्र जडेजा ने 19 ओवर गेंदबाजी करते हुए 3 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. इसके अलावा दूसरी पारी में वह अब तक 1 ही विकेट ले पाए हैं. इस तरह जडेजा ने अब तक दोनों ही पारियों को मिलाकर 4 विकेट लिए हैं.पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 134.2 ओवर में 518/5 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी. जिसके जवाब में वेस्टइंडीज 81.5 ओवर में 248 रनों पर सिमट गई. फॉलो ऑन मिलने के बाद वेस्टइंडीज चौथे दिन चाय तक 109 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 361 रन बना चुकी है.

# सूर्यकुमार यादव ने पत्नी देविशा संग महाकालेश्वर मंदिर में की पूजा

नई दिल्ली। टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भगवान शिव के दर पर माथा टेका. रविवार को सूर्या अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान महादेव का आशीर्वाद लिया.

मंदिर प्रशासन की ओर से जारी एक वीडियो में सूर्यकुमार यादव पूरी तरह से भक्ति में डूबे नजर आ रहे हैं. उन्होंने पारंपरिक वस्त्र पहनकर पूजा की और पत्नी देविशा के साथ च्महाकाल आरतीज् में भाग लिया. वीडियो में उनके परिवार के अन्य सदस्य भी दिखाई दे रहे हैं. इस दौरान यह कपल भक्ति भाव से रूद्राभिषेक करते नजर आ रहा है. सूर्या ने पूजा के बाद कहा कि वह आने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति पाने के लिए बाबा महाकाल के दर्शन करने आए हैं. भारतीय टी20 टीम जल्द ही ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होगी, जहां टीम को तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है.

# दिवाली से पहले वैभव सूर्यवंशी का हुआ प्रमोशन, रणजी ट्रॉफी के लिए बने उपकप्तान

नई दिल्ली। वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के बाद से हर जगह छाए हुए हैं, उन्होंने इंग्लैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया में अपने ताबड़तोड़ खेल से सभी को प्रभावित किया. अब वह रणजी ट्रॉफी में भी छाने को तैयार है, लेकिन इस बार उन्हें इस डोमेस्टिक टूर्नामेंट में बड़ी जिम्मेदारी मिली है. वह रणजी ट्रॉफी 2025-2026 सीजन के पहले दो राउंड के लिए बिहार क्रिकेट टीम के उपकप्तान नियुक्त हुए हैं.



बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रविवार को नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसकी जानकारी दी और रणजी ट्रॉफी में टीम के शुरूआती 2 मैचों के लिए स्क्वाड का एलान किया. 15 प्लेयर्स की लिस्ट में वैभव सूर्यवंशी बतौर उपकप्तान चुने गए हैं. ये नियुक्ति टूर्नामेंट में टीम के मैच से 2 दिन पहले हुई, क्योंकि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को बीसीसीआई के आदेश के बाद 2 सदस्यीय पैनल में शामिल होने के लिए तदर्थ आधार पर एक चयनकर्ता की नियुक्ति करने में देर हो गई थी.

बिहार क्रिकेट टीम के कप्तान शकिबुल गनि को बनाया गया है. टीम रणजी ट्रॉफी में अपना पहला मैच बुधवार, 15 अक्टूबर से खेलेगी. ग्रुप स्टेज का ये मैच बिहार अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मोईन उल हक़ स्टेडियम में खेलेगी. पियूष कुमार सिंह, भास्कर दुबे, शकिबुल गनि (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान), अर्णव किशोर, आयुष आनंद लोहरूका (विकेट कीपर), बिपिन सौरभ (विकेट कीपर), अमोद यादव, नवाज खान, साकिब हुसैन, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, खालिद आलम, सचिन कुमार.

सूर्यवंशी का प्रमोशन ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुआ, वह हाल ही में इंडिया अंडर-19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे से लौटे हैं. ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले चार दिवसीय टेस्ट में उन्होंने 78 गेंदों में शतक जड़ा था. 3 पारियों में 133 रन बनाकर वह बहु-दिवसीय सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे.

# Coldrif कफ सिरप कांड... श्रीसन फार्मा का लाइसेंस रद्द, कंपनी के ठिकानों पर ईडी की रेड, मालिक हो चुका अरेस्ट

चेन्नई। मध्य प्रदेश में 22 बच्चों की मौत का कारण बने जहरीले कफ सिरप Coldrif के मामले में जांच का दायरा अब बढ़ गया है. प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कार्रवाई करते हुए सोमवार को चेन्नई में कम से कम 7 ठिकानों पर छापेमारी की. ईडी ने यह कार्रवाई श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस की FIR और तमिलनाडु के रिश्वतखोरी मामले में दर्ज FIR का संज्ञान लेते हुए की है.



ईडी ने श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु औषधि प्रशासन के गिरफ्तार प्रभारी निदेशक पीयू कार्तिकेयन के परिसरों की तलाशी ली. कार्तिकेयन को जुलाई में रिश्वतखोरी के एक अलग मामले में गिरफ्तार किया गया था. ईडी के सूत्रों के अनुसार, मिलावटी कफ सिरप की बिक्री से कमाया गया लाभ PMLA के तहत अपराध की आय है और एजेंसी इसे साबित करने के लिए सबूत जुटा रही है.

कफ सिरप कोल्ड्रिफ में 48.6 प्रतिशत की जहरीली डाईएथिलीन ग्लाइकॉलमिला हुआ पाया गया था. इससे मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में 22 बच्चों की किडनी फेल होने से मौत हो गई थी. CDSCO ने बताया कि कांचीपुरम स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स ने 2011 में लाइसेंस मिलने के बावजूद, खराब बुनियादी ढांचे और राष्ट्रीय औषधि सुरक्षा नियमों के उल्लंघनों के बावजूद एक दशक से ज्यादा समय तक बिना किसी रोक-टोक के काम किया. इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारों ने सख्त कार्रवाई करते हुए श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक जी. रंगनाथन को मध्य प्रदेश पुलिस ने 9 अक्टूबर को गिरफ्तार किया. अब तमिलनाडु सरकार ने कंपनी का लाइसेंस रद्द कर उसे बंद कर दिया है. मध्य प्रदेश सरकार ने दो ड्रग इंस्पेक्टर और FDA के डिप्टी डायरेक्टर को सस्पेंड कर दिया और राज्य के ड्रग कंट्रोलर का तबादला किया. तमिलनाडु सरकार ने भी दो वरिष्ठ ड्रग इंस्पेक्टरों को सस्पेंड किया है.

# बुल्गारिया के खिलाफ मैच से हटे टोरेस, डे ला फूएंते पर बढ़ा दबाव



मैड्रिड। स्पेन मंगलवार को बुल्गारिया के खिलाफ जीत के साथ अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप में अपनी जगह लगभग पक्की कर सकता है, हालाँकि कोच लुइस डे ला फुएंते ने एक और खिलाड़ी को चोट के कारण खो दिया है।

स्पेनिश फुटबॉल महासंघ (आरएफईएफ) ने बताया कि फॉरवर्ड फेरान टोरेस टीम से कुछ समस्याओं के साथ बाहर हो गए हैं जिनका आरएफईएफ चिकित्सा सेवाओं द्वारा मूल्यांकन किया गया था, जिसमें मांसपेशियों में खिंचाव तो दिखा, लेकिन कोई शारीरिक चोट नहीं आई।

एक बयान में कहा गया, फेरान टोरेस को वलाडोलिड में 2026 विश्व कप के लिए चौथे क्वालीफाइंग मैच में बुल्गारिया के खिलाफ नहीं चुना गया है। एफसी बार्सिलोना के इस स्ट्राइकर ने एल्चे में जॉर्जिया के खिलाफ मैच पूरा करने के बाद मांसपेशियों में तकलीफ की शिकायत की थी, जिसका आरएफईएफ की चिकित्सा सेवाओं द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिसमें पूरक परीक्षण भी शामिल थे, जिसमें मांसपेशियों में अधिक भार का निदान किया गया, लेकिन इससे कोई शारीरिक चोट नहीं लगी। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रियल मैड्रिड के डिफेंडर डीन हुइजसेन के मांसपेशियों में थकान और दानी ओल्मो के पिंडली की चोट के कारण टीम से बाहर होने के बाद फेरान टीम से बाहर होने वाले नवीनतम खिलाड़ी हैं। डे ला फुएंते द्वारा टीम घोषित करने के तुरंत बाद, लैमिन यामल और रोड्री को भी समस्याओं के कारण टीम से बाहर होना पड़ा। इन समस्याओं के बावजूद, स्पेन ने शनिवार को जॉर्जिया को आसानी से हरा दिया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**तेंदूपत्ता संग्राहकों को सात से पंद्रह दिन के भीतर.....**

की पहल को और तेज करने के निर्देश दिए। कॉन्फ्रेंस में औषधीय पौधों की खेती के विस्तार हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधियों को बढ़ाने और इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले की सहायता लेने पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिलों में पिछले सीजन में हुए तेंदूपत्ता संग्रहण की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी सीजन के लिए पूर्व-कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि संग्राहकों को समय पर लाभ मिल सके और किसी प्रकार की देरी न हो।

0 लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप और वन धन केंद्रों को मिलेगा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लघु वनोपजों को वनांचल क्षेत्रों में आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। बैठक में लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और वन धन केंद्रों को सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सके। छत्तीसगढ़ हर्बल और संजीवनी ब्रांड के उत्पादों के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया। बैठक में निर्देश दिए गए कि इन उत्पादों की बिक्री ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में बढ़ाई जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों के लिए एक मजबूत मार्केट नेटवर्क विकसित हो सके। साथ ही, उत्पादों के जैविक प्रमाणीकरण (ऑर्बिट सर्टीफिकेशन्स) की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने पर बल दिया गया।

0 बस्तर और सरगुजा संभागों में ईको-टूरिज्म को दिया जा रहा बढ़ावा- केदार कश्यप

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पहली बार वन अधिकारियों की बैठक आयोजित कराने के लिए वे सीएम विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि सभी कलेक्टर और वन अधिकारी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्य करें, तो इसके अत्यंत अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने आगे कहा कि, बस्तर और सरगुजा संभागों में विशेष रूप से ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसे आजीविका से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब 75 प्रकार की लघु वनोपजों की खरीदी करने जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लाख उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर है, और यदि ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्षित रूप से कार्य किया जाए तो प्रदेश देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकता है।

0 औषधीय पौधों की खेती के विस्तार की नई पहल

बैठक में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। धमतरी, मुंगेली और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिलों में औषधीय पौधों की खेती से संबंधित विषयों पर उपस्थित डीएफओ को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि औषधीय पौधों की खेती न केवल लोगों की आजीविका बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि पारंपरिक उपचार पद्धतियों के ज्ञान को भी आगे बढ़ाएगी। औषधीय पादप बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने इस क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं और लोगों की आय में वृद्धि के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

**सीएम साय ने की कानून व्यवस्था की.....**

आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि रोज साइबर अपराध के तरीके बदलते रहते हैं। इस संबंध में लोगों को जानकारी दी जाए। अंतर्विभागीय समन्वय के साथ लगातार साइबर जागरूकता अभियान चलाने की विशेष पहल की जाए। साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने सीएम साय को बताया कि फिलहाल संभागीय स्तर पर पांच साइबर थाने चल रहे हैं। इसके अलावा नौ थाने जल्द ही शुरू किए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के व्यापार पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम साय ने कहा कि नशे से अन्य अपराधों को बढ़ावा मिलता है। ऐसे में अभियान चला कर कार्रवाई की जाय। अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए। पिटएनडीपीएस एक्ट के मामलों में समय सीमा में कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि नशाखोरी के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाकर युवाओं को जागरूक किया जाए। सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा मानकों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट न पहनने और नशे में वाहन चलाने वालों में कानून का भय होना चाहिए। ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित कर दुर्घटना के कारणों को दूर करना चाहिए। बैठक में गृहमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सहित रेंज आईजी, कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**हमास ने 20 इजरायली बंधक रिहा.....**

ने गाजा में शांति योजना के लिए अरब और इस्लामी देशों की तारीफ की और कहा कि उन्होंने एकजुट होकर हमास पर दबाव डाला और बंधकों को रिहा करने में मदद की। उन्होंने कहा, हमें बहुत मदद मिली। ऐसे कई लोग हैं, जिनके बारे में आपने सोचा भी नहीं होगा और मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, यह इस्राइल और पूरी दुनिया के लिए एक अद्भुत कामयाबी है कि इन देशों ने शांति के साझेदार के रूप में मिलकर काम किया। उन्होंने आगे कहा, अब आने वाली पीढ़ियां इस क्षण को ऐसे याद रखेंगी, जब सब कुछ बदलना शुरू हो गया और बहुत ज्यादा बदलाव बेहतरी के लिए हुआ। यह केवल एक जंग का अंत नहीं है। यह इस्राइल और उसके सभी देशों के लिए महान सद्भाव और स्थायी सद्भाव की शुरुआत है। ट्रंप के भाषण के दौरान नेसेट के एक सदस्य अयमैन ओदेह ने बाधा डाली और फलस्तीन को मान्यता देने की मांग की। ओदेह ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, संसद में दिखावा असहनीय है। एक समूह ने नेतन्याहू का महिमामंडन किया गया, जो पहले कभी नहीं देखा गया था। इससे नेतन्याहू और उनकी सरकार गाजा में हुए मानवता के खिलाफ अपराधों और सैकड़ों हजारों फलस्तीनियों और हजारों इस्राइली लोगों की जान का जिम्मेदार होने से बच नहीं सकते।

**डिजिटल सिग्नेचर घोटाला: 1580....**

प्रोवाइडर कंपनी के द्वारा आयोजित की गई थी। कार्यशाला में डिजिटल सिग्नेचर की जानकारी दी गई, फिर उनसे टैक्स इनवासइस या पावती के नाम पर 3-3 हजार लिया गया और एक पेन ड्राइव दी गई। पावती पर न तो तारीख लिखी थी और न ही हस्ताक्षर थे। इतना ही नहीं जो पेन ड्राइव दिया गया है वो भी पूरी तरह से अनुपयोगी थी। शिक्षक संघ के दुर्ग जिला संभाग अध्यक्ष भुवन सिन्हा ने बताया कि विभागीय आदेश समझकर कार्यशाला में मौजूद शिक्षकों ने रकम जमा कर दिये थे, जबकि यह पूरा मामला अनधिकृत और अवैध था। यह पूरा मामला सामने आने के बाद शिक्षक संघ ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। साथ ही शिक्षकों द्वारा जमा किये गये रूपयों को वापस दिलाने की मांग भी की गई है।

**भारतीय किसान संघ का सीएम हाउस घेराव.....**

गया है। किसानों को केंद्र सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल पर 31 अक्टूबर तक पंजीकरण कराना होगा। सरकार का दावा है कि इससे फर्जीवाड़ा और डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन की समस्या खत्म होगी। 23 लाख हेक्टेयर में डिजिटल क्रॉप सर्वे भी पूरा कर लिया गया है, जिसका डेटा अब ग्राम सभाओं में सार्वजनिक रूप से पढ़ा जा रहा है। इस बार टोकन वितरण भी पूरी तरह ऑनलाइन किया गया है। 'तुंहर हाथ' मोबाइल एप से किसान टोकन बुक कर सकेंगे, वहीं धान बेचते वक्त बायोमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य रहेगा। सरकार ने निर्देश दिए हैं कि हर खरीदी केंद्र पर प्रशासनिक अधिकारी प्रभारी बनाए जाएंगे। समितियों को भी प्रति क्विंटल 5 रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा यदि वहां 'शून्य सुखत' यानी कोई विवाद या गड़बड़ी न हो। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को 73 लाख मीट्रिक टन चावल का लक्ष्य दिया है। इसके लिए जूट बारदाने की व्यवस्था की जा रही है और धान की रिसाइकलिंग रोकने के लिए कंट्रोल रूम और मार्कफेड ऑफिस में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तैयार किया गया है। सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान की आवक को रोकने विशेष जांच दल तैनात किए गए हैं। साथ ही, धान उठाव और परिवहन की भी सख्त निगरानी की जा रही है। हालांकि, इन तमाम तैयारियों के बीच किसानों का गुस्सा शांत होता नहीं दिख रहा। भारतीय किसान संघ का कहना है कि सरकार सिर्फ कागज़ों में तैयारी दिखा रही है, जमीनी स्तर पर किसानों की समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। अगर सरकार ने जल्द उनकी मांगें नहीं मानीं, तो आंदोलन और तेज़ होगा।

# प्रेरणा बनी पहल : चिद्दो गाँव में लागू हुई पूर्ण शराबबंदी



शराब बेचने पर 20 हजार का जुर्माना, पीने पर 5 हजार, माथलडबरी की जागृति यदु के सफल नेतृत्व का असर

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव से लगे ग्राम माथलडबरी निवासी एवं जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु के नेतृत्व में कुछ माह पूर्व ग्राम माथलडबरी में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई थी। उनके मार्गदर्शन में ग्राम के प्रमुख चौक-चौराहों पर फ्लेक्स एवं बैनर लगाकर शराबबंदी के संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया था। जागृति यदु के इस प्रयास से प्रेरित होकर अब ग्राम चिद्दो में भी पूर्ण शराबबंदी लागू की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में गांव में जगह-जगह शराब पीने, आपसी विवाद, महिलाओं व बच्चों पर पड़ते नकारात्मक प्रभाव जैसी समस्याएं आम थीं। इन परिस्थितियों को देखते हुए गांव के लोगों ने सामूहिक रूप से जागरूकता अभियान चलाया और शराब का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का निर्णय लिया। ग्राम में शराबबंदी लागू होने के बाद से शांति, आपसी सौहार्द और स्वच्छ वातावरण स्थापित हुआ है। महिलाओं और युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि वे श्रीमती जागृति चुन्नी यदु के प्रेरणादायी कदम के लिए आभारी हैं। जिनकी पहल से अब आसपास के अन्य गांव भी नशामुक्ति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासी चिद्दों में बैठक करके सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गांव में शराब बेचने वाले को 20,000 हजार रुपए अर्थदंड व बताने वाले को 5,000 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा। शराब पीने पर 5000 अर्थदंड और बताने वाले को 2,000 रूपए ईनाम दिया जाएगा। इसके अलावा गांजा, जुआ सट्टा भी प्रतिबंधित है, मोबाईल फ्री फायर पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

# विक्रांत ने झुरानदी में आंगनबाड़ी भवन का किया लोकार्पण कहा - बच्चों के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध


झुरानदी में विकास कार्यों का शुभारंभ, विक्रांत सिंह ने गिनाई केंद्र व राज्य की जनकल्याणकारी योजनाएं

छुईखदान (दावा)। छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम झुरानदी में रविवार को नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण एवं सीसी रोड निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।। गांव में प्रवेश करते ही ग्रामवासियों ने विक्रांत सिंह का फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत नवीन आंगनबाड़ी भवन के लोकार्पण से हुई, जिसे विक्रांत सिंह सहित अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया।

### बच्चों को मिलेगी बेहतर सुविधा

अपने संबोधन में विक्रांत सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन के निर्माण से गांव के बच्चों को शिक्षा और पोषण संबंधी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि बाल विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की नींव और भी मजबूत होगी।

### सीसी रोड से कीचड़ की समस्या होगी दूर

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विक्रांत सिंह ने कहा कि सीसी रोड के निर्माण से ग्रामीणों को कीचड़ और आवागमन की कठिनाइयों से राहत मिलेगी। बरसात के मौसम में होने वाली समस्या से छुटकारा मिल जाएंगी।

### केंद्र और राज्य सरकार कर रही ग्रामीण विकास को प्राथमिकता

विकास कार्यों पर बोलते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त पहल से ग्रामीण विकास में कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। सरकार की विभिन्न योजनाएं आमजन तक पहुंच रही हैं और इसका लाभ भी जनता को मिल रहा है।

### महतारी वंदन योजना और अन्य योजनाओं की ग्रामीणों ने की सराहना

इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से किसानों, महिलाओं और गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है। महिलाओं ने विशेष रूप से महतारी वंदन योजना को लेकर भाजपा सरकार के प्रति आभार जताया।

### प्रमुख जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, नवनीत जैन, पुष्पा प्रकाश जंघेल, राजू जंघेल, लीकेश साहू, होमेश्वरी दिनेश वैष्णव, रोशन चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य निर्मला वर्मा, विजय वर्मा, आनंद सिन्हा, बलराम जंघेल, देवकी विनोद रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। ग्रामीणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह का आभार प्रकट करते हुए उम्मीद जताई कि आगे भी विकास कार्यों में इसी तरह की तत्परता बनी रहेगी।

# स्टेडियम की सफाई हेतु श्रमदान-खिलाड़ियों एवं मॉर्निंग क्लब के सदस्यों ने दिया सहयोग


मॉर्निंग क्लब डोंगरगढ़ के समुचित विकास के लिए संकल्पित संस्था के रूप में उभर रहा है

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर के आह्वान पर रविवार की सुबह महाविद्यालय स्टेडियम में सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन के दिशा-निर्देशन एवं प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई.वी. रेवती में मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मॉर्निंग क्लब के सदस्य, फिजिकल फिटनेस के विद्यार्थी, महाविद्यालय के खिलाड़ीगण एवं नगर के कई जागरूक नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर अव्यवस्थित मैदान को साफ-सुथरा एवं खेलने योग्य बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कुछ दिन पूर्व खेल विभाग द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष से मैदान की सफाई हेतु निवेदन किया गया था। जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे ने लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका के कर्मचारियों के माध्यम से मैदान की सफाई का कार्य प्रारंभ करवाया। डोंगरगढ़ नगर का यह एकमात्र स्टेडियम है, जो जिले के खिलाड़ियों के लिए खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है। मैदान को सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर के नागरिकों ने भी अपनी सहमति एवं सहयोग प्रदान किया है।

### स्वच्छ और व्यवस्थित मैदान ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है - डॉ. मुन्ना लाल नंदेश्वर

कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने कहा कि स्वच्छ और व्यवस्थित मैदान ही खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। यह सामूहिक प्रयास डोंगरगढ़ के खेल प्रेमियों की एकता का प्रतीक है। 'मॉर्निंग क्लब के सदस्यों एवं खिलाड़ियों ने यह भी संकल्प लिया कि प्रतिदिन सुबह इस मैदान की सफाई एवं रख-रखाव सामूहिक रूप से किया जाएगा। सभी नगरवासियों से भी इस अभियान में जुड़कर सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

# महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की उन्मुखीकरण बैठक संपन्न




खैरागढ़ (दावा)। स्थानीय रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में छात्र-छात्रओं द्वारा गठित रेड रिबन क्लब की उन्मुखिकरण की बैठक प्रो. ओ.पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ करते हुये प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने कहॉ कि वर्तमान समय में एच.आई.वी.एड्स जान लेवा बिमारी है। जिससे मनुष्य के शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है। और शरीर विभिन्न तरह के रोगो का शिकार हो जाता है।

अतः जागरूकता एंव बचाव ही इसका उपाय है। रेड रिबन प्रभारी सुरेश आडवानी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एच.आई.वी.एड्स कैसे होता है एवं इसके सुरक्षा एवं बचाव के बारे में समस्त छात्र-छात्राओं को विस्तार पूर्वक बताया साथ ही सुरक्षा एवं बचाव ही इस एक मात्र इलाज है। हम महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र-छात्राऐं है अतः हमारा दाायित्व भी अधिक है हम एच.आई.वी.एड्स कैसे होता है इसके संबंध में जाने एवं समाज में इसके बचाव के लिये जागरूकता फैलाऐं।

# शताब्दी वर्ष : रामाधीन मार्ग बस्ती में गूंजा भारत माता की जय का उद्घोष


आरएसएस स्वयंसेवकों का विजयदशमी पथ संचलन संपन्न, जितेंद्र शर्मा ने किया मार्गदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, आज रविवार 12 अक्टूबर को शहर की विभिन्न बस्तियों के साथ रामाधीन मार्ग बस्ती में भी विजयदशमी कार्यक्रम एवं पथ संचलन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे आयोजित पथ संचलन के पूर्व हुए व्याख्यान समारोह में विभाग प्रचारक जितेंद्र शर्मा ने उपस्थित स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी सूर्यकांत चितलांगिया ने भी सनातन और हिंदू जगत के प्रति अपनी चिंताएं व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सराहना की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरी शंकर गुप्ता, संजय सोनी (नगर सह संयोजक) एवं राजेश भोई भी उपस्थित थे। समारोह में विधिवत शस्त्रपूजन का कार्यक्रम भी संपन्न किया गया।

### पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

रामाधीन मार्ग बस्ती के बहुतायत संख्या में स्वयंसेवक पथ संचलन में शामिल हुए। संचलन के दौरान संपूर्ण बस्ती में जगह-जगह माता-बहनों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और भारत माता की जय का उद्घोष किया। वरिष्ठ स्वयंसेवक नंदकिशोर सुरजन एवं खूबचंद पारख ने भी पूरी बस्ती का पैदल चलकर संचलन कार्य को पूरा किया। बस्ती प्रमुख हर्ष अग्रवाल ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त वरिष्ठ स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# फर्जी सिम जारी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

धमतरी। एसपी के निर्देशन में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है, सिटी कोतवाली और सिहावा पुलिस द्वारा फर्जी तरीके से सिम कार्ड जारी करने से संबंधित तीन अलग-अलग मामलों में कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। यह कार्यवाही साइबर अपराधों एवं फर्जी सिम जारी करने जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई।

# सेवा भाव से होता है समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार - निर्मला सिन्हा


पेण्ड्री में दिव्य सत्संग, रक्तदान और हेलमेट वितरण समारोह आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। पेण्ड्री में सद्गुरु कबीर सत्संग सेवा योग आश्रम द्वारा आयोजित दिव्य सत्संग, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान एवं हेलमेट वितरण समारोह में कलार समाज महिला मंच की जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई।

10 अक्टूबर को आयोजित इस पुनीत कार्यक्रम में उपस्थित संतों से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद श्रीमती सिन्हा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा महापुण्य कार्य है। जिससे न केवल किसी का जीवन बचाया जा सकता है, बल्कि यह समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी बल देता है। इसी क्रम में उन्होंने हेलमेट वितरण अभियान को जनजागरूकता का प्रतीक बताया, जो लोगों को अपने जीवन की सुरक्षा के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने समाज में प्रेम, एकता और सेवा के भाव को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

### महात्मा लेखचंद साहेब का जन्मोत्सव

यह बहुउद्देशीय शिविर महात्मा लेखचंद साहेब के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में रखा गया था। कार्यक्रम में महात्मा लेखचंद साहेब के मुखारविंद से आध्यात्मिक दिव्य सत्संग का लाभ भी श्रोताओं को मिला।

### स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर

आयोजन के तहत स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। साथ ही जिला चिकित्सा ब्लड सेंटर राजनांदगांव के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। रक्तवीरों ने इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फनेन्द्र जैन एवं उनके साथियों ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को हेलमेट प्रदान कर उनके योगदान को सराहा और सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।

इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में सदगुरु कबीर सत्संग सेवा योग आश्रम पेण्ड्री के साथ-साथ चातुर्मास आयोजन समिति के संरक्षक गुलाब वर्मा, नरबद वर्मा, आश्रम प्रबंधन योगदास समिति अध्यक्ष फलेश साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता अजय सिन्हा, सरपंच भोजराम ठाकुर, युवा शक्ति सेवा संगठन के अध्यक्ष दुर्गेश साहू और सचिव हिरेन्द्र साहू सहित सभी युवाओं ने अपना सक्रिय सहयोग दिया। श्रीमती निर्मला सिन्हा ने ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा के संचार की बात कहते हुए समिति के सभी सदस्यों को बधाई और साधुवाद दिया।

# आदिवासी युवक से मारपीट, युवक घायल

बलौदाबाजार। कोतवाली पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बीती रात एक हादसा हो गया, जिसमें एक युवक हितेश्वर भट्ट गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके कमर के नीचे के हिस्से में कांच की बोतल फूटने से गहरी चोट आई है। युवक का इलाज जिला अस्पताल में जारी है, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना को लेकर अब कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी पर आदिवासी युवक से मारपीट और अत्याचार का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। महात्मा गांधी के चित्र के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे, प्रदर्शन किया और थाना प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर प्रशासन को आवेदन सौंपा। पीड़ित हितेश्वर भट्ट ने बताया कि वह रात 9 बजे रिसदा रोड में दुकान में सिगरेट पीते खड़ा था और पैंट के पिछले हिस्से में शराब की छोटी शीशी रखी थी।

# शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में 'छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव में 11 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, लोककला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार के उद्देश्य से 'छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की 'सर्वोत्तम प्रथाओं' के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी क्षेत्रीय पहचान और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने की। निर्णायक मंडल में डॉ. फूलसो राजेश पटेल, सुश्री थानेश्वरी वर्मा तथा सुश्री पुण्यप्रदा सिंह ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के संचालन में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों और छात्र-छात्राओं का सक्रिय सहयोग रहा।

विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एकल गीत प्रतियोगिता में बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा निशा वर्मा ने अपने मधुर स्वर और भावपूर्ण प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में यारिशा एवं समूह ने छत्तीसगढ़ की लोकनृत्य परंपरा को शानदार ढंग से प्रस्तुत कर प्रथम पुरस्कार जीता। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी लोकसंस्कृति को जीवित रखते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और सामाजिक जुड़ाव की भावना को भी प्रबल करते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ए.एन. माखीजा, डॉ. एस.आर. कानोजे, अनिल चंद्रवंशी सहित सभी शिक्षकों की गरिमामय उपस्थिति रही। उनकी उपस्थिति और मार्गदर्शन ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और इसे सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# स्वामी विवेकानंद शाखा, नंदई बस्ती द्वारा भव्य पद संचलन का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। नंदई चौक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वामी विवेकानंद शाखा, नंदई बस्ती के तत्वावधान में आज भव्य पद संचलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बस्ती प्रमुख मनोज यादव के नेतृत्व में चारों वार्डों के पार्षद-रवि सिन्हा, केवरा विजय राय, सतीश साहू एवं अरुण साहू-पूर्ण गणवेश में पद संचलन का हिस्सा बने। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में सह जिला कार्यवाह पुष्कर राज बक्शी तथा विशेष अतिथि के रूप में सह नगर संचालक संजय सोनी उपस्थित थे।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। मुख्य ध्वजवाहक के रूप में मूलचंद भंसाली ने दायित्व का निर्वहन किया। नंदई बस्ती की गलियों में अनुशासन, देशभक्ति और संगठन के स्वरों से गूंजता यह पद संचलन स्थानीय नागरिकों के आकर्षण का केंद्र रहा।

# शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में मूर्ति कला प्रशिक्षण का आयोजन



मूर्ति कला भारतीय संस्कृति की आत्मा है- डॉ. श्रीमती आशा चौधरी

**डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. (श्रीमती) ई.व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में संस्थागत गतिविधियां, शैक्षणिक प्रदर्शन एवं प्रसारण प्रकोष्ठ तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 'मूर्ति कला प्रशिक्षण' का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कला एवं संस्कृति के संवर्धन की दिशा में महाविद्यालय की एक सृजनात्मक पहल रही। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र अमन सेन उपस्थित रहे, जिन्होंने मूर्ति निर्माण की बारीकियों को छात्रों के साथ साझा किया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र दीपक साहू (बीए फाइनल) द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिससे वातावरण श्रद्धा और सृजनशीलता से भर उठा कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. आशा चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में तथा संस्थागत गतिविधियां, शैक्षणिक प्रदर्शन एवं प्रसारण प्रकोष्ठ के संयोजक ओ.पी. वर्मा (सहायक प्राध्यापक) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. नीता राजपूत, सुश्री नीलम सिन्हा, नीलम चतुर्वेदी गुलशन सिंहा, सुश्री अनिमा मिंज तथा श्रीमती मीनाक्षी साहू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीता राजपूत द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन ओपी वर्मा ने किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों विकास मेश्राम, करण मेश्राम, कामिनी, यासमीन, पूजा, दीपक साहू, योगिता मांडवी, तारकेश्वर सहित अनेक छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी शबाना परवीन उपस्थित रहे। संस्कृति संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल मूर्ति कला के प्रति रुचि विकसित करने में सहायक रहा, बल्कि भारतीय परंपरा और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक कदम सिद्ध हुआ।

### मूर्तिकला भारतीय संस्कृति की आत्मा है - डॉ. श्रीमती आशा चौधरी

मुख्य अतिथि डॉ. आशा चौधरी ने कहा कि मूर्ति कला भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसमें कलाकार का परिश्रम और भावनाएं समाहित होती हैं, जो मूर्तियों को जीवंत कर देती हैं। विशिष्ट अतिथि ओ.पी. वर्मा ने कहा कि कलाकार समाज का मार्गदर्शक होता है। अपनी कला के माध्यम से वह समाज को नई दिशा और दृष्टि प्रदान करता है। सुश्री नीलम सिन्हा और डॉ. नीता राजपूत ने भी अपने वक्तव्यों में मूर्ति कला की विशेषताओं एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षक अमन सेन ने अपनी अनुभूति साझा करते हुए कहा कि मैं बचपन से मूर्तिकला से जुड़ा हुआ हूँ। मेरी कोई बहन नहीं है, लेकिन जब मैं माँ लक्ष्मी या माँ सरस्वती की मूर्ति बनाता हूँ, तो मुझे लगता है कि वे मेरी बहन के समान हैं। उनके इस भावनात्मक वक्तव्य ने उपस्थित सभी के हृदय को स्पर्श किया।

# बिजली के दाम में वृद्धि भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट : कुलबीर

**राजनांदगांव (दावा)। छग की भाजपा सरकार हाफ बिजली बिल योजना बंद कर लाखों गरीब जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ किया है। पूर्ववती कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा की छूट दी थी। जिसे बंद कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि कर भाजपा सरकार की प्रायोजित लूट रही है।**

बढ़े हुए बिजली बिल से आमजनों में काफी आक्रोश दिख रहा है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा सोमवार को विद्युत विभाग का घेराव/तालेबंदी कर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 13 अक्टूबर सोमवार को कैलाश नगर स्थित विद्युत कार्यालय का विरोध प्रदर्शन कर तालेबंदी की गई।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सांय सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 5 वर्षों तक बिजली उपभोक्ताओं को 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ योजना दी जा रही थी। उसे भाजपा सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है। उसे पुनः चालू कराने व स्मार्ट मीटर को बंद करने और विद्युत विभाग पर लगातार विद्युत कटौती की जा रही है। जिसको लेकर कार्यालय में तालेबंदी की गई। कांग्रेस की मांग है कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता को रोजगार तो नहीं दे पाई, किन्तु वहीं सरकार जनता को लूटने में लगी है। वहीं कांग्रेस सरकार के समय लोगों रोजगार देने कई योजनाएं संचालित थी। जिसे साय सरकार द्वारा बंद कर दिया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार बिजली बिल हॉफ योजना शुरू किया। जिससे प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिलता था। उसे छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने बंद कर हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल दुगुना हो गया है। बढ़े हुए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। कांग्रेस पार्टी राज्य की भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है - कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। भाजपा अपना खजाना भरने में लगी है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है, वह निंदनीय है। हम कांग्रेसजन इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ जमीन की लड़ाई लड़ने तैयार है।

विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेमचंद बाफना, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, इकरामुद्दीन सोलंकी, जयनारायण सिंह, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, अशोक फडनवीस, रूबी गरचा, हफीज खान, पंकज बांधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, महामंत्री झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, नासिर जिंदरान, मोहनी सिन्हा, नीरज कन्नौजे, अभिमन्यु मिश्रा, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, पार्षद अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, अमित खंडेलवाल, बबलू कसार, सुरेन्द्र देवांगन, खिलेश बंजारे, प्रतिमा बंजारे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। उपस्थित कांग्रेसजनों का ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने आभार व्यक्त किया।



0 कांग्रेस के 400 यूनिट बिजली हॉफ योजना फिर से चालू करों
0 शहर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर विद्युत कार्यालय में की तालेबंदी, सरकार के खिलाफ निकाला भड़ास
0 भाजपा जनता को प्रताड़ित कर अंडानी को खुश करने में लगी है

## बसंतपुर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 36 पौवा देशी शराब की जप्त, फरार वारंटी पकड़ाए

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में 2 आरोपियों से 36 पौवा देशी शराब की जब्ती की है वहीं उनके थाना क्षेत्र के 3 फरार वारंटियों को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन व उनके नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्रान्तर्गत शराब कोचिया के प्रभावी कार्यवाही एवं गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंट की तामीली हेतु चलाये जाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी उज्जवल रजक पिता सुरेश रजक उम्र 20 साल निवासी चौखडिया पारा, शरद अग्रवाल पिता जमुना प्रसाद अग्रवाल उम्र 54 साल निवासी फिरंतिन मंदिर के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाये जाने से उनके कब्जे से पृथक-पृथक 18-18 पौवा देशी शराब कुल 36 पौवा देशी शराब जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 483/25 एवं 484/25 धारा 34 ए आबकारी एक्ट के तहत के तहत प्रकरण दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।





### पुलिस द्वारा धर दबोचे गए तीन फरार वारंटी

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि इसी प्रकार थाना स्तर पर स्थायी/गिरफ्तारी वारंट की तामीली हेतु पृथक से टीम गठित कर उपरोक्त टीम द्वारा फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटी बैजू कुमार उर्फ कांचा पिता देवनाथ साहू उम्र 29 साल निवासी बजरंगपुर नवांगांव व अनोज साहू उर्फ गोरखा पिता देवेन्द्र साहू उम्र 48 साल निवासी बजरंगपुर नवांगांव तथा राजू साहू पिता राजेन्द्र साहू उम्र 34 साल निवासी वार्ड नं. 17 तुलसीपुर को गिरफ्तार कर उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित प्र.आर. राजेश परिहार, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर, भुनेश्वर जायसी, फागू साहू एवं अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

## निगम में फटाका दुकान के लिए 93 अस्थाई भूखण्ड आबंटन

4 लाख 30 हजार रूपये की आय



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम सभागृह में फटाका दुकान के लिए लाटरी के माध्यम से 93 अस्थाई भूखण्ड आबंटन लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को किया गया। उक्त आबंटन से नगर निगम को 4 लाख 29 हजार 6 सौ 60 रूपए की आय हुई है। फटाका दुकान म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगाया जायेगा। फटाका दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड का आबंटन किया गया।

अस्थाई भूखण्ड आबंटन के संबंध में राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान लगाने के लिए राजस्व कार्यालय में 99 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 93 लायसेन्सी फटाका विक्रेताओं द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया। इस वर्ष प्रति दुकान के आबंटन शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई। जिसके तहत आवेदन प्राप्त कर 4620 रूपए प्रति दुकान अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा कराया गया। जिससे नगर निगम को 4 लाख 29 हजार 6 सौ 60 रूपए की आय हुई है। उन्होंने फटाका व्यवसायियों से कहा कि फटाका विक्रय के लिए शासन गाईड लाईन का पालन करते हुये, फायर सेप्टी रखना होगा।

## मवेशियों को बूचड़खाना ले जाते आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा

### दो महिंद्रा पिकअप वाहन सहित 4 आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी तुमड़ीबोड द्वारा मवेशियों को बूचड़ खाने ले जाते आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने 7 नग मवेशियों से भरे 2 महेंद्रा पिक अप वाहन सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तुमड़ीबोड़ चौकी प्रभारी ने दिलीप पटेल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन व उनके नेतृत्व में हमराह स्टॉप के सोमवार 13 अक्टूबर की रात गौरक्षा दल व अन्य लोगों से सूचना मिली कि ग्राम बनभेड़ी से दो पिकअप क्रमांक एमएच 36 एए 4721 एवं एमएच 36 एए 1375 में मवेशीयों को ठूस-ठूसकर भरकर, बिना दाना पानी बिना चिकित्सा प्रमाण पत्र के कत्लखाना ले जाया जा रहा है।

### वाहनों का पीछा कर उसे रोका गया

इस सूचना पर बजरंग दल के लोगों को बताकर 13 अक्टूबर के दरमियानी रात दोनों पिकअप वाहन का पीछा करते हुए सुबह 05:00 बजे करीबन ग्राम तुमडीबोड़, नाथुनवागांव, तिराहा मोड के पास रोका गया। जिसमें से एक वाहन में 03 भैस एवं दूसरे वाहन एक भैस का बच्चा कुल 04 नग मवेशी मिला। पुलिस ने दोनों पकड़े गए वाहन में मवेशियों को भरकर बिना चिकित्सा प्रमाण पत्र के कत्लखाना ले जाते हुये पकड़ने पर सूचना पुलिस चौकी तुमडीबोड़ को देकर कार्यवाही शामिल प्रार्थी प्रणय मुल्लेवार, मनीष सार्वा व कमल सोनी को कार्यवाही में सहयोग करने हेतु नोटिस दिया गया।

### महाराष्ट्र क्षेत्र के है मवेशी तस्कर आरोपी

बाद में दोनों वाहन के चालक व सहयोगी से नाम पता पूछने पर अपना नाम विश्वदिप बंजारी पिता रविन्द्र बंजारी उम्र 28 वर्ष निवासी टेकेपार पुनर्वसन वार्ड नं.-03 थाना कारदा, राजेश मोहनकर पिता प्रकाश मोहनकर उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम झबाडा थाना कारदा, सौरभ लेन्डारे पिता मिलिंद लेन्डारे उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम वाकेश्वर थाना अडयाल व सूचित रामटेके पिता सचिन रामटेके उम्र 19 वर्ष निवासी गोल्लेबाडी थाना आडयाल, जिला भण्डारा (महा.) का होना बताया गया। उक्त वाहन चालक एवं वाहन स्वामी को मवेशी ले जाने हेतु व कागजात, चिकित्सा प्रमाण पत्र पेश करने के लिए नोटिस दिए, जिसमें दोनों के द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नही होने पर दोनों पिकअप वाहन अनुमानित कीमत 10 लाख रुपयें व दोनों वाहन के पशु कुल 7 नग भैस कीमत 1,25,000 रुपये कुल किमती 11,25,000 रुपये को जप्त किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पुलिस चौकी तुमडीबोड़ लाया गया। उक्त चालक व सहयोगी आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 4, 6, 10, छग कृषक पशु, परि.अधि. एवं पशु के प्रति क्रूरता के निवारण अधि. 1960 की धारा 11 का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया जा रहा है।

## युगांतर पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल में फिर जीता गोल्ड, डीपीएस बैंगलोर को 50-23 से हराया

राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल की अंडर 19 आयु वर्ग की बालक टीम ने डीपीएस राजनांदगांव में आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में पुनः स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रचा है। फाइनल मुकाबले में युगांतर की बालक टीम ने डीपीएस बैंगलोर कर्नाटक को 50-23 अंकों से एक तरफा परास्त करके सीनियर स्कूल नेशनल बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। यह प्रतिस्पर्धा स्कूल गेम्स फेडरेशन के द्वारा जनवरी माह में आयोजित होगी। इसके पहले हुए लीग मैच में युगांतर की टीम ने डीपीएस दुबई, डीपीएस बैंगलुरू, चिरेस इन्टरनेशनल स्कूल हैदराबाद को परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद टीम ने क्वार्टर फाइनल में कार्मेल पब्लिक स्कूल एर्नाकुलम को 128-33 अंकों से हराकर सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। फिर सेमी फाइनल मैच में युगांतर की टीम ने सेंट अतुलानन्द कॉन्वेंट स्कूल वाराणसी की टीम को एक तरफा परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। युगांतर की ओर से शुभम सिंह, अभिषेक पाठक, रूहान, अनुराग, अनिरुद्ध वेंकटरमन एवं गणेश भंडारे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी टीम को फाइनल मे पहुंचाने में महती भूमिका निभाई। शुभम सिंह को बेस्ट प्लेयर, मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर, गणेश भंडारे को बेस्ट शूटर के एवार्ड से नवाजा गया। टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव, सहायक कोच नवनीत द्विवेदी रहे। जिनके मार्गदर्शन में टीम ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उक्ताशय जानकारी देते हुए युगांतर के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि युगांतर की टीम विगत कई वर्षों में इन नेशनल प्रतिस्पर्धाओं में विजेता रही। इस वर्ष भी चैम्पियनशिप जीतकर विद्यालय ने नया कीर्तिमान बनाया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा प्रबंध समिति ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।





### आज युगांतर कला संगम का आयोजन

**युगांतर द्वारा राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य प्रतिस्पर्धाओं का बहुप्रतीक्षित आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय संगीत और नृत्य की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन आज 14 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से रखा गया है। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन में राज्य भर की लगभग 25 स्कूलों के भाग लेने की संभावना है। लगभग 350 विद्यार्थियों द्वारा विविध वर्गों में अपनी संगीत और नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय परिसर में संगीत और नृत्य के महोत्सव जैसा वातावरण बनाएँगे। जब सुर, ताल, पदचाप की युति होगी सारा विद्यालय परिसर सांस्कृतिक गंगा में नहाता हुआ दिखलाई पड़ेगा। इस संदर्भ में विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि यह आयोजन दो दिवसीय रखा गया है। 14 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तकआयोजित इस आयोजन में एकल गायन, सामूहिक गायन की लाइव सेमी क्लासिकल, लाइव सुगम, कराओके फिल्मी गायन के वर्ग रखे गए हैं, जिसमें विद्यार्थी अपनी प्रभावी गायन कला का प्रदर्शन करेंगे। इसी तरह एकल तथा सामूहिक नृत्य में सेमी क्लासिकल और फिल्मी फ्री स्टाइल के विविध वर्गों में विद्यार्थी अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करेंगे। संगीत के इन्स्ट्रूमेन्टल वर्ग में भी विद्यार्थी अपनी वादन कला का प्रभावी प्रदर्शन करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए संगीत और नृत्य विभाग प्राचार्य और प्रबंध समिति के मार्गदर्शन में एकजुट होकर लगा हुआ है।

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने बांटा बाजार में सिक्के...

राजनांदगांव(दावा)। आज चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा सब्ज़ी मार्केट में चिल्लर (कॉइन) वितरण किया गया। यह पहल व्यापारियों की सुविधा और सुचारू लेनदेन के लिए की गई है। चेंबर द्वारा यह वितरण व्यापारियों के सहयोग हेतु किया गया है।









## अज्ञात मृतक पुरूष का मिला शव, शिनाख्ती में जुटी पुलिस



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस को अपने थाना क्षेत्रांतर्गत एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है। जिसकी शिनाख्त करने पुलिस जुटी हुई है तथा उक्त मृतक व्यक्ति की पहचान के लिए लोगों से अपील भी की है।

**लोगों से भी उक्त अज्ञात मृतक की पहचान के लिए की अपील**

कोतवाली थाना प्रभारी नंदकुमार गौतम ने बताया कि प्रार्थी पी. सुरेश पिता कामेश्वर राव उम्र 44 वर्ष निवासी रेल्वे कॉलोनी स्टेशन पारा ने सिटी कोतवाली थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रविवार 12 अक्टूबर को लगभग देर शाम 7 बजे राजनांदगांव एवं परमालकसा के बीच खंभा नंबर 893/37 से 893/33 के मध्य अप लाईन में अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिसकी उम्र 35 से 40 वर्ष है और कद करीबन 5 फीट, 7 इंच, हुलिया में चेहरा गोल, गठीला बदन रंग सांवला, बाल छोटा व काला, काली मुंछ, काला रंग का हॉफ जैकेट, लाईट हरा रंग का हॉफ टी शर्ट, नीला डेनिंग रंग का जींस, बांये हाथ की कलाई में मौली धागा पहने हुए है। मृतक के शव को शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल- पेंड्री के मरचुरी में रखा गया है।

उक्त व्यक्ति की रिपोर्ट पश्चात कोतवाली थाना प्रभारी श्री गौतम के नेतृत्व में उक्त अज्ञात मृतक पुरूष के वारिसानों की पतासाजी की जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान करने वाले या वारिसानो का पता नहीं चला है। उक्त अज्ञात मृतक की शिनाख्त नहीं होने से कोतवाली थाना प्रभारी श्री गौतम ने लोगों मृतक के फोटो हुलिया से मिलान कर पता चलने पर थाना सिटी कोतवाली को 07744-286622 या शासकीय नंबर 9479192110 पर सूचित करने अपील की है।











स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com